आवश्यकता है दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस हिंदी समाचार पत्र में उत्तरप्रदेश के सभी जनपदों से पत्रकारों की संपर्क करें 9953840820

हापुड़ उत्तरप्रदेश से प्रकाशित, दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा, शामली, अमरोहा, मेरठ, लखनऊ से प्रसारित

# दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस

सबका हित सबका विकास



वर्ष : 5 | अंक : 195 | हापुड़ ,शुक्रवार 31 जनवरी 2025 | RNI.NO. UPHIN/2020/86789 | मूल्य:03 | पेज: 06


# विजय चौक पर बीटिंग रिट्रीट के साथ सम्पन्न हुआ गणतंत्र दिवस कार्यक्रम





नई दिल्ली । राष्ट्रीय राजधानी में 76वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों का सिलसिला बुधवार शाम विजय चौक पर सैन्य टुकड़ियों के बीटिंग रिट्रीट के साथ सम्पन्न हो गया। रक्षा मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार, इस बार बीटिंग रिट्रीट समारोह में सेना के तीनों अंगों, थल सेना, नौसेना और वायु सेना तथा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के बैंड ने कदमताल करते हुये, 30 धुनें बजाईं। समारोह के लिये चुनी गयीं सभी धुनें स्वदेशी हैं। समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा केंद्रीय मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों, गणमान्य व्यक्तियों के साथ आम जनता शामिल हुई। समारोह की शुरुआत, सामूहिक बैंड की धुन 'कदम कदम बढ़ाये जा' से हुई। उसके बाद 'पाइप्स एंड ड्रम्स बैंड 'अमर भारती', 'इंद्रधनुष', 'जय जन्म भूमि', 'नाटी इन हिमालयन वैली', 'गंगा जमुना' और 'वीर सियाचिन' जैसी मनमोहक धुनें बजायी गयीं। केन्द्रीय पुलिस बलों के बैंड कर्णप्रिय 'विजय भारत,' राजस्थान ट्रूप्स, ऐ वतन तेरे लिए और भारत के जवान धुनें बजाई गयीं। विज्ञप्ति के अनुसार, वायुसेना का बैंड गैलेक्सी राइडर, स्ट्राइड, रूबरू और मिलेनियम फ्लाइट फैंटेसी जैसे धुनें, नौसेना का बैंड राष्ट्रीय प्रथम, निषक निष्पद, आत्मनिर्भर भारत, स्वतंत्रता का प्रकाश फैलाओ, रिदम ऑफ द रीफ और जय भारती और थल सेना का बैंड वीर सपूत, ताकत वतन, मेरा युवा भारत, ध्रुव तथा फौलाद का जिगर जैसी धुनें बजायी गयीं।

इसके बाद, सभी बैंड सामूहिक रूप से प्रियम भारतम, ऐ मेरे वतन के लोगों और ड्रमर्स कॉल की धुनें बजायी गयीं। कार्यक्रम का समापन बिगुल वादकों द्वारा बजाई जाने वाली सदाबहार लोकप्रिय धुन सारे जहां से अच्छा के साथ हुआ। इस बार के बीटिंग रिट्रीट समारोह के मुख्य संचालक कमांडर मनोज सेबेस्टियन थे। थल सेना बैंड के संचालक सूबेदार मेजर (मानद कैप्टन) बिशन बहादुर थे, जबकि एम एंटनी, एमसीपीओ एमयूएस द्वितीय और वारंट ऑफिसर अशोक कुमार ने क्रमशः नौसेना और वायु सेना के बैंड का संचालन किया। केन्द्रीय पुलिस बलों के बैंड के संचालक हेड कांस्टेबल जीडी महाजन कैलाश माधव राव थे। 'पाइप्स एंड ड्रम्स बैंड' का संचालन सूबेदार मेजर अभिलाष सिंह ने किया, जबकि बिगुल बैंड की प्रस्तुति का नेतृत्व नायब सूबेदार भूपाल सिंह ने किया।

गणतंत्र दिवस परेड के लिये सैन्य बलों और केन्द्रीय पुलिस बलों की टुकड़ियां राजधानी में अभ्यास के लिये करीब महीने भर पहले आ जाती हैं। बीटिंग रिट्रीट गणतंत्र दिवस के बाद तीसरे दिन आयोजित किया जाता है। यह समारोह गश्त पर निकली सैन्य टुकड़ियों के अपने मुख्य गढ़ में लौटने का सैन्य समारोह होता है। बताया जाता है कि इसकी शुरुआत इंग्लैंड में 17वीं शताब्दी में हुयी थी।

## सीएम आतिशी का दावा, मुख्यमंत्री भगवंत मान के आवास पर रेड करने पहुंची दिल्ली पुलिस



नई दिल्ली । दिल्ली की सीएम आतिशी ने दावा किया कि दिल्ली पुलिस पंजाब के सीएम भगवंत मान के दिल्ली स्थित घर पर रेड करने पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि बीजेपी वाले दिन दहाड़े पैसे, जूते, चद्दर बांट रहे हैं वो नहीं दिखता। बल्कि एक चुने हुए मुख्यमंत्री के निवास पर रेड करने पहुंच जाते हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता बीजेपी को 5 फरवरी को जवाब देगी। इस बीच एक अधिकारी ने बताया कि चुनाव आयोग के सीविजिल पोर्टल के ज़रिये शिकायत मिली है कि यहां से कैश बांटा जा रहा है। इसलिये जांच के लिये आये है। अभी पंजाब डीआईजी से अंदर जाने की परमिशन ली जा रही है। दिल्ली में पंजाब के सीएम भगवंत मान का घर कपूरथला हाउस है। अधिकारी ने बताया कि चुनाव आयेगा की टीम की तरफ़ से तीन लोगों के अंदर जाने की इजाजत मांगी गयी है। इसमें एक कैमरापर्सन और दो चुनाव अधिकारी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि जैसे ही हमें ऑर्डर्स मिलेंगे हम अंदर जाकर जांच करेंगे।

## कमल पर बटन इतना तेज दबाना, शीशमहल के शीशे टूट जाएं - अमित शाह



नई दिल्ली । शालीमार बाग की भाजपा प्रत्याशी रेखा गुप्ता के समर्थन में बृहस्पतिवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रोड शो किया। इस दौरान जय श्रीराम, भारत माता की जय, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, बदलकर रहेंगे समेत कई नारे लगाकर भीड़ ने शाह का स्वागत किया। शाह ने भाजपा प्रत्याशी को जिताने के लिए हाथ जोड़कर सभी से अपील की और कहा कि 5 फरवरी को कमल का बटन इतने जोर से दबाना कि केजरीवाल के शीशमहल के शीशे टूट जाएं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल हार देखकर बौखला गए हैं। वे झूठ बोलने और बहाने बनाने में नंबर वन हैं। केजरीवाल झूठ बोलते हैं कि भाजपा ने दिल्ली वालों को परेशान करने के लिए हरियाणा से यमुना में जहर मिलाया है। शाह ने पूछा कि कौन सा जहर मिलाया है, कौन सी लैब में उन्होंने टेस्ट कराया है, उसका नाम बताए। वे कह रहे हैं कि जहर मिलाया हुआ पानी उन्होंने रोक दिया। जनता से पूछा कि यमुना का पानी रुकता है तो गांवों में बाढ़ आती है, लेकिन, वे बताएं कि दिल्ली के किसी गांव में बाढ़ आई है क्या? चुनाव में हार को जान गए हैं केजरीवाल वजीरपुर से भाजपा विधानसभा प्रत्याशी पूनम शर्मा व रोहिणी के भाजपा प्रत्याशी विजेंद्र गुप्ता के समर्थन में आयोजित जनसभा में गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि केजरीवाल चुनाव में अपनी हार को जान गए हैं, इसलिए इतनी हल्की राजनीति कर रहे हैं। केजरीवाल ने यमुना को प्रदूषित कर गंदा पानी पीने के लिए दिल्ली को मजबूर किया है। आप ने पानी के शुद्धिकरण, सड़कों की सफाई और जल बोर्ड के स्वच्छ पानी देने के सारे पैसे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिए हैं। 31 मार्च 2026 से पहले भारत नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा। दिल्ली को शराब की नशे में धकेला शाह ने कहा कि केजरीवाल ने कहा था कि रिहायशी इलाकों से शराब की दुकान बंद करेंगे। रिहायशी इलाके तो छोड़िए उन्होंने तो स्कूल और मंदिरों के पास भी शराब की दुकानें खोल दीं। यमुना को लंदन की टेम्स नदी जैसा बनाने, डुबकी लगाने की बात कही थी। क्या वे डुबकी लगा पाए। अस्पताल के कमरे दोगुना करने तो दूर एक कमरा तक नहीं बढ़ाया। उन्होंने कहा कि दिल्ली वालों सरकार बना दो तो पहली कैबिनेट में 10 लाख तक के ऑपरेशन सहित मुफ्त इलाज करवाने का काम भाजपा करेगी। हर माह की 5 तारीख से पहले हर माता-बहन के खाते में 2, 500 रुपये भेजे जाएंगे। हर गर्भवती को भाजपा सरकार 21, 000 रुपये देगी। 500 रुपये में एलपीजी सिलिंडर और दीपावली एवं होली में एक-एक सिलिंडर मुफ्त मिलेगा। आप का मतलब है झूठ, फरेब और धोखा गृहमंत्री ने कहा कि आप का मतलब ही है झूठ, फरेब और धोखा। भाजपा कोई बहाना नहीं बनाएगी। दिल्ली को देश में नंबर 1 राज्य बनाने का काम करेगी। दिल्ली की जनता को चाहिए कि वे 5 फरवरी को केजरीवाल व पार्टी को राजनीतिक वनवास पर भेजकर भाजपा का राजतिलक कर दें। पानी में जहर का डर दिखाकर उन्होंने ओछी राजनीति का परिचय दिया है। कांग्रेस और आप दोनों ही एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं। एक दूसरे के भ्रष्टाचार की कहानियों को जानते हैं, इसीलिए राहुल गांधी ने केजरीवाल पर टिप्पणी की तो तुरंत केजरीवाल ने गांधी परिवार के नेशनल हेराल्ड के मुद्दे पर घेर लिया।

## आप ने झूठे वादों और भ्रष्टाचार से सरकार चलाई - राहुल गांधी

नई दिल्ली । दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीख नजदीक आते ही राजनीतिक दलों ने एक-दूसरे पर हमले तेज कर दिए हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को आम आदमी पार्टी और भाजपा पर निशाना साधते हुए कई आरोप लगाए। बादली विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा में उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने झूठे वादों और भ्रष्टाचार से सरकार चलाई है। साथ ही उन्होंने भाजपा पर नफरत की राजनीति करने का आरोप लगाया। राहुल गांधी ने कहा कि आप के मुखिया कुछ साल पहले राजनीति में आए हैं। पहले वे बिजली के खंभे पर भी चढ़ जाते थे। छोटी गाड़ी से घूमते थे, लेकिन आजकल वही शीशमहल में रहते हैं। राहुल ने कहा कि केजरीवाल ने कहा था कि दिल्ली को साफ करूंगा, भ्रष्टाचार मिटाऊंगा, यमुना में स्नान करने के साथ ही जल पीकर दिखाऊंगा, लेकिन अभी तक ये काम नहीं हुए। इतना ही नहीं, राहुल गांधी ने आप मुखिया को चुनौती देते हुए कहा कि आपने यमुना का जल पीने का वादा किया था, लेकिन आप दिल्ली की कॉलोनियों में आ रहे पानी को भी नहीं पी सकते। उन्होंने कहा कि जब दिल्ली में दंगे हुए, लोगों को मारा गया तब आप नेता और उनकी पार्टी के लोग कहां थे। महात्मा गांधी के शहीदी दिवस का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि आज के दिन ही उनकी हत्या की गई थी क्योंकि वे नफरत के खिलाफ खड़े थे। राहुल ने कहा कि यह पुरानी लड़ाई है। देश के लोग जानते हैं कि राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी कभी भी भाजपा के साथ समझौता नहीं कर सकती। मुझसे 55 घंटे पूछताछ हुई। 32 केस लगा दिए गए। मेरा सरकारी घर छीन लिया गया, लेकिन मैं डरता नहीं और कहीं भागा नहीं। राहुल गांधी ने कहा कि हम समझौता नहीं कर सकते। हमारा हिन्दुस्तान नफरत का नहीं हो सकता। हमारा देश मोहब्बत, संविधान और भाईचारे से चलेगा। राहुल गांधी ने कहा कि हम झूठे वादे करने नहीं आए हैं। पांच साल पहले यमुना का जल पीने का वादा करने वाले आप मुखिया आज यमुना के जल को बोतलों में भरकर पत्रकार वार्ता कर रहे थे।

भाजपा और आप दोनों के ही शीर्ष नेता झूठ बोलते हैं बल्कि आप मुखिया भाजपा के शीर्ष नेता से भी ज्यादा चालाक हैं। राहुल ने कहा कि विचारधारा की लड़ाई में एक तरफ भाजपा-आरएसएस है तो दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी है। हमने साफ कहा है कि जहां भी ये लोग नफरत और हिंसा फैलाएंगे, वहां हम मोहब्बत की दुकान खोलेंगे। यह देश सबका है। हर जाति, धर्म, और भाषा का है। नफरत को मिटाए जाने की जरूरत है।

## महाकुंभ मेला क्षेत्र के सेक्टर-22 में लगी आग, दमकल ने पाया काबू

महाकुंभ नगर । संगम नगरी प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेला क्षेत्र में गुरुवार को फिर आग लगने की घटना सामने आई है। बताया जा रहा है कि मेला क्षेत्र के झूंसी छतनाग घाट नागेश्वर घाट सेक्टर-22 के पास आग लगी है। मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि सेक्टर-22 में आग लगने की सूचना मिली थी। इसके बाद दमकल की टीम मौके पर पहुंची और पाया कि कई टेंट आग की चपेट में हैं। दमकल कर्मियों ने तुरंत ही आग बुझाने की कोशिश की। इस दौरान कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ा, लेकिन आग को जल्द ही बुझा लिया गया। उन्होंने बताया कि इस घटना में कोई जनहानी नहीं हुई है। साथ ही महाकुंभ मेला में मौजूद टेंटों को हिदायत दी जा रही है। एसडीएम ने भी बताया है कि अनधिकृत टेंट लगाया गया था। जिस इलाके में आग लगी थी, वह चमनगंज चौकी के अंतर्गत आता है। स्थानीय पुलिस को भी जानकारी दे दी गई है। उल्लेखनीय है कि मेला क्षेत्र में आग लगने की यह तीसरी घटना है। गत 19 जनवरी को महाकुंभ में शास्त्री ब्रिज के पास सेक्टर-19 में गीता प्रेस के शिविर में आग लगी थी जिसमें कई कॉटेज जल गए थे। महाकुंभ प्रशासन के मुताबिक, गीता प्रेस की रसोई में छोटे सिलेंडर से चाय बनाते समय गैस लीक होने से हादसा हुआ था। आग लगने से रसोई में रखे दो गैस सिलेंडर ब्लास्ट हुए थे। तब भी प्रशासन के पुख्ता इंतजाम के चलते आग पर काबू पा लिया गया था। इसके बाद 25 जनवरी को महाकुंभ नगर मेला क्षेत्र के सेक्टर-2 में खड़ी दो गाड़ियों में आग लग गई थी, हालांकि इस पर तुरंत काबू भी पा लिया गया। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। मौके पर मौजूद अधिकारी ने बताया कि 4,500 लीटर वाटर कैपेसिटी वाली बड़ी दमकल गाड़ी की मदद से आग बुझाई गई।

## भाजपा को अपने काम पर चुनाव लड़ना चाहिए - केजरीवाल



नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को अपने काम पर चुनाव लड़ना चाहिए लेकिन वह दिल्ली के लोगों को बीमार करके चुनाव लड़ना चाहती हैं। श्री केजरीवाल ने बादली से प्रत्याशी अजेश यादव और तिमारपुर से प्रत्याशी सुरेंद्र पाल सिंह बिट्टू के समर्थन में जनसभा कर कहा, दिल्ली के लोगों ने हमें खूब प्यार और आशीर्वाद दिया। हम लोगों ने मिलकर जनता की सेवा में तन-मन-धन से लगे हुए है। हमने बिजली 24 घंटे कर दी। भाजपा की 20 राज्यों में सरकार है लेकिन एक भी राज्य में 24 घंटे बिजली नहीं आती है। अगर कमल का बटन दबा दिया तो जैसे इनके 20 राज्यों में बिजली गुल रहती है, वैसे ही दिल्ली में बिजली गुल हो जाएगी। पूरे देश में सबसे सस्ती बिजली दिल्ली में है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के सरकारी स्कूल बहुत शानदार हो गए हैं।। सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे बच्चे और माता-पिता दोनों खुश है। भाजपा शासित राज्यों में सरकारी स्कूलों का बुरा हाल है। दिल्ली के लोग गलत बटन नहीं दबाएंगे, बल्कि झाड़ू का बटन दबाएंगे। कमल का बटन बहुत खतरनाक है। अगर इसे दबा दिए तो सारे सरकारी स्कूल फिर से खराब हो जाएंगे। बड़ी मुश्किल से स्कूलों को ठीक किया गया है। आप नेता ने कहा कि दिल्ली में शानदार मोहल्ला क्लीनिक बना दिए। वहां सारा इलाज मुफ्त होता है। भाजपा ने एलान कर दिया है कि अगर उनकी सरकार बनी तो पूरी दिल्ली से मोहल्ला क्लीनिक बंद कर दिए जाएंगे। भाजपा आ गई तो महिलाओं की फ्री बस यात्रा भी बंद कर देगी। उन्होंने कहा, 卐हम दिल्ली में बिजली और पानी मुफ्त देते हैं लेकिन मुझे पता चला है कि कई किराएदारों को यह सुविधा नहीं मिल रही है। चुनाव के बाद ऐसा सिस्टम लागू करेंगे कि किराएदारों को भी मुफ्त बिजली और पानी का फायदा मिलने लगेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को वोट देकर आप अपना वोट खराब करेंगे। कांग्रेस को जीतना नहीं है। वह सिर्फ वोट काटेगी। कांग्रेस और भाजपा की अंदरखाने सेटिंग हो गई है। दोनों मिल कर चुनाव लड़ रहे हैं। ये दोनों मिलकर इसलिए चुनाव नहीं लड़ रहे हैं कि इनको दिल्ली की तरक्की करनी है। ये इसलिए मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं कि इनको आम आदमी पार्टी को हराना है।

## बाबूगढ़ पुलिस ने ब्लाइंड मर्डर केस का किया खुलासा, हत्यारा दोस्त गिरफ्तार

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**



हापुड़। उत्तर प्रदेश के जनपद हापुड़ के थाना बाबूगढ़ पुलिस ने 13 जनवरी को नेशनल हाईवे-9 के पास आलू के खेत में मिले अज्ञात शव की गुत्थी सुलझाकर हत्यारे दोस्त को गिरफ्तार कर लिया। हत्या की वजह उधार लिए गए दो लाख रुपये थे, जिन्हें हड़पने के लिए आरोपी ने अपने ही दोस्त की बेरहमी से हत्या कर दी। शव मिलने से खुलासे तक 13 जनवरी की सुबह बाबूगढ़ थाना पुलिस को सूचना मिली कि हाईवे-9 के पास आलू के खेत में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा है। पुलिस मौके पर पहुंची तो पाया कि मृतक के सिर पर गंभीर चोट के निशान थे और काफी खून बह चुका था। मृतक के शरीर पर केवल अंडरवियर और बनियान थी, हाथ में कलावा बंधा था और पास में शराब की बोतल पड़ी थी। मामला ब्लाइंड मर्डर का था, क्योंकि शव की पहचान मुश्किल थी। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड को बुलाकर जांच शुरू की। लेकिन असली सुराग बना मृतक के पास पड़ी शराब की बोतल। बोतल पर अंकित बारकोड के जरिए पुलिस उस ठेके तक पहुंची, जहां से यह खरीदी गई थी। इसी दौरान पुलिस को अमन विहार थाने में दर्ज एक गुमशुदगी रिपोर्ट मिली, जिससे शव की पहचान 55 वर्षीय वीरेंद्र राय के रूप में हुई। कौन था मृतक? वीरेंद्र राय मूल रूप से बस्ती जिले के गांव रोवागोवा, गोरखपुर रोड का रहने वाला था और दिल्ली के नसीरपुर रोड, द्वारका में रहकर प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता था। हाल ही में वह ठगी के एक मामले में जेल से जमानत पर रिहा हुआ था। कैसे हुई हत्या? एसपी कुँवर ज्ञानजय सिंह ने बताया कि इस हत्याकांड का मुख्य आरोपी कथित पत्रकार विकास तोमर है, जो बागपत जिले के बामनौली गांव का निवासी है। विकास तोमर की वीरेंद्र राय से मुलाकात 2022 में तिहाड़ जेल में हुई थी। दोनों जेल से रिहा होने के बाद प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करने लगे। साथ ही विकास ने पत्रकारिता भी शुरू कर दी। लेकिन उसका खर्चीला स्वभाव उसे अपराध की ओर ले गया। धीरे-धीरे विकास ने वीरेंद्र से दो लाख रुपये उधार ले लिए। जब वीरेंद्र ने पैसे वापस मांगने शुरू किए तो विकास परेशान हो गया और उसे मारने की योजना बनाई। 12 जनवरी को विकास वीरेंद्र से मिलने दिल्ली पहुंचा। उसने वीरेंद्र को विश्वास में लेकर कार में बैठाया और शराब पिलाते हुए हापुड़ के बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के उपेड़ा गांव ले गया। उस दिन घना कोहरा था, जिससे आसपास कुछ भी साफ नहीं दिख रहा था। जैसे ही वीरेंद्र गाड़ी से नीचे उतरा, विकास ने पीछे से उसके सिर पर ईंट से वार किया और मौके पर ही उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद सबूत मिटाने की साजिश शव की पहचान न हो, इसलिए विकास ने मृतक के खून से सने कपड़े दिल्ली ले जाकर जला दिए। उसने वीरेंद्र का मोबाइल, घड़ी और अन्य सामान भी अपने पास रख लिया और वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया। पुलिस की कार्रवाई और बरामदगी बाबूगढ़ पुलिस ने हत्यारे विकास तोमर को गिरफ्तार कर लिया और उसके पास से हत्या में इस्तेमाल की गई ईंट, मृतक का मोबाइल फोन, घड़ी, प्रेस आईडी कार्ड, माइक आईडी, घटना में प्रयुक्त आई-10 कार और अन्य सामान बरामद किया। पुलिस टीम की तत्परता और सूझबूझ से इस ब्लाइंड मर्डर केस को सुलझाया गया, जिसके लिए एसपी हापुड़ ने पुलिस टीम को ₹10,000 का इनाम देने की घोषणा की।

## सीएम योगी ने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि



लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर जीपीओ स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान बच्चों ने बापू की पुण्यतिथि पर स्वरांजलि दी। सीएम योगी ने भी बच्चों के साथ स्वरांजलि में हिस्सा लिया। इस अवसर पर सीएम योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने आधिकारिक अकाउंट पर लिखा, %राष्ट्रपिता% महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर आज लखनऊ में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। पूज्य बापू की पावन स्मृतियों को कोटि-कोटि नमन! इसी के साथ ही उन्होंने महात्मा गांधी को याद करते हुए एक अन्य पोस्ट में लिखा, स्वाधीनता आंदोलन के महानायक, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर उन्हें शत-शत नमन! श्रद्धेय बापू की शिक्षाएं और उनका त्यागमय जीवन विश्व शांति का मार्ग प्रशस्त करते हैं। आइए, बापू के दिखाए सत्य, अहिंसा व स्वदेशी के मार्ग पर चलकर हम सभी नए भारत-विकसित भारत के निर्माण हेतु संकल्पित हों। सीएम योगी ने बच्चों के साथ स्वरांजलि में हिस्सा लिया। इस दौरान बच्चों ने 'रघुपति राघव राजाराम...', 'वैष्णव जन तो तेने कहिये जे पीड़ परायी जाणे रे...' जैसे गीतों को मधुर स्वर में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के बाद सीएम योगी ने बच्चों के साथ फोटो भी खिंचवाई। इस दौरान महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक नीरज बोरा, राजेश्वर सिंह, अमरेश कुमार, विधान परिषद सदस्य लाल जी प्रसाद निर्मल आदि गणमान्य लोगों ने भी बापू को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

# संपादकीय

## प्रेमियों की मुराद पूरी करते हैं यह भगवान

यूं तो हर मुहल्ले और शहर में मंदिर मिल जाएंगे। लेकिन कुछ मंदिर ऐसे हैं जो किसी खास बात को लेकर बहुत प्रसिद्ध हो जाते हैं। ऐसे ही कुछ मंदिर हैं जो प्रेमियों का मिलन करवाने के लिए बहुत प्रसिद्ध हो चुके हैं। इन मंदिरों के विषय में माना जाता है कि यहां आकर जो प्रेमी मिलन की मन्नत मांगते हैं उनकी मुराद पूरी होती है। राजस्थान का जोधपुर शहर, यहां गणेश जी का एक प्रसिद्ध मंदिर है। यहां हर बुधवार भक्तों की लंबी कतार लगती है। इनमें अधिकतर ऐसे लोग होते हैं जो गणेश जी से यह मन्नत मांगने आते हैं कि जिसे चाहते हैं उससे शादी हो जाए। इस कारण गणेश जी इश्किया गजानन के नाम से भी प्रसिद्ध हैं। गणेश जी की ख्याति इसलिए भी ही है कि यहां मांगी गई प्रेम की मिन्नतें गणेश जी पूरी करते हैं।

किसी समय गणेश जी का यह मंदिर गुरु गणपति के नाम से जाना जाता था। मध्यप्रदेश के जबलपुर शहर से महज 20 किलोमीटर की दूरी पर है आगासौद कस्बा। यहीं पर है हनुमान जी का एक प्राचीन मंदिर जो पूरे इलाके में शादी वाले हनुमान जी के नाम से प्रसिद्ध है। माना जाता है कि शादी वाले हनुमान जी को लाल गुलाब का फूल बहुत पसंद है। जो भक्त हनुमान जी को लाल गुलाब का फूल भेंट करते हैं हनुमान जी उसकी मनोकामना पूरी करते हैं। मंदिर के पुजारी पंडित राजकुमार का कहना है कि शादी वाले हनुमान जी यूं तो सभी तरह की मुरादें पूरी करते हैं। लेकिन यहां ऐसे युवक युवतियां अधिक आते हैं जिनकी शादी में बाधा आ रही होती है। हनुमान जी की कृपा से विवाह में आने वाली बाधाएं दूर हो जाती हैं। उत्तर भारत की तरह दक्षिण भारत में भी गणेश और हनुमान जी का एक मंदिर प्रेमियों के बीच काफी प्रसिद्धि है। तमिलनाडु में गणेश जी का एक मंदिर है जो कधाल विनयागार यानी प्रेम के देवता विनायक के नाम से प्रसिद्ध है।

यहां प्रेमी प्रेमिका विवाह की प्रार्थना लेकर गणेश जी के पास आते हैं। इस मंदिर में कई प्रेमी युगलों की शादी हो चुकी है। आंध्रप्रदेश के खम्मम जिले में हनुमान जी का एक प्राचीन मंदिर है। इस मंदिर में हनुमान जी के साथ उनकी पत्नी के भी दर्शन प्राप्त होते हैं। यह मंदिर इकलौता गवाह है हनुमान जी के विवाह का। मान्यता है कि हनुमान जी के इस मंदिर में आकर जो दंपत्ति हनुमान और उनकी पत्नी के दर्शन करते हैं उनके वैवाहिक जीवन में प्रेम और आपसी तालमेल बना रहता है। वैवाहिक जीवन में चल रही परेशानियों से मुक्ति दिलाते हैं विवाहित हनुमान जी।

# सुरीला सफर



साक्षी गुनगुना रही थी। तभी उसकी सहेली शिखा ने उसे टोकते हुए कहा- तुम सही सुर-ताल के साथ गाना नहीं गा रही हो। अगर तुम्हें बढ़िया गायिका बनना है, तो खूब अभ्यास करना होगा। यह सुनकर साक्षी नाराज हो गई और बाहर निकल गई। शिखा उसके पीछे-पीछे बहुत दूर तक गई और उससे लगातार माफी भी मांगती रही। पर साक्षी ने उसकी एक न सुनी। शिखा घर वापस आ गई। उसे बहुत दुख हो रहा था कि उसकी वजह से उसकी सबसे अच्छी दोस्त दुखी हो गई। जब साक्षी अपने घर पहुंची, तो उसकी मम्मी ने उसे गुस्से में देखकर पूछा, क्या हुआ बेटी? मगर वह बिना कुछ बोले अपने कमरे में चली गई। उन्हें साक्षी की चिंता होने लगी। वह उसके कमरे में गई और उसे बड़े प्यार से दोबारा पूछा, बेटी, क्या हुआ है? कुछ तो बताओ। तब साक्षी फूट-फूटकर रोने लगी। तब साक्षी ने मम्मी को पूरी बात बताई। उन्होंने सारी बात सुनने के बाद कहा, शिखा तुम्हारी सबसे अच्छी दोस्त है। वह तुम्हारे बारे में कभी बुरा नहीं सोच सकती। उसने जो कुछ कहा तुम्हारे भले के लिए ही कहा है। जरा सोचो, उसकी गलती न होते हुए भी उसने तुमसे माफी मांगी। अगर तुम ठंडे दिमाग से सोचोगी, तब तुम्हें अपनी गलती का एहसास होगा। शिखा को अब अपनी गलती का अहसास हो गया। वह अपने कमरे से बाहर निकली और अपनी दोस्त शिखा को फोन मिलाया। उसने उससे माफी मांगी। शिखा ने भी उसे माफ कर दिया। 2 दिन बाद साक्षी के मम्मी-पापा ने उसका दाखिला एक गायन संस्था में करा दिया। साक्षी खूब मन लगाकर गाना सीखने लगी। करीब दो साल बाद उसने एक गायन प्रतियोगिता में भाग लिया और वह प्रथम विजेता बनी। विजेता -ट्राफी लेने के दौरान उसने अपनी इस जीत का श्रेय अपने माता-पिता और अपनी प्रिय मित्र शिखा को दिया। उसे उस दिन अहसास हो गया था कि सच्चे मित्र सबको नहीं मिलते। उसने अपने आप से कहा, अगर शिखा ने मुझे उस दिन अभ्यास करने को नहीं कहा होता, तो मैं कभी अच्छी गायिका नहीं बन पाती।

# 31 जनवरी 2025 का पंचांग







आचार्य सुकुल प्रसाद, ज्योतिष, हस्तरेखा, अंकशास्त्र एवं वास्तु विशेषज्ञ। मो-7078453594

सूर्योदय- 07.11 प्रात-
सूर्यास्त- 06.09 सायं
सूर्य राशि- मकर राशि में।
चंद्र उदय- 08.28 प्रात-
चंद्र अस्त- 08.12 सायंकाल
चंद्रमा- कुम्भ राशि में।

विक्रम समवत 2081 अमांत महीना माघ-02 पूर्णिमांत महीना माघ-18, पक्ष- शुक्ल पक्ष 02, तिथि-द्वितीया दोपहर- 01.59 तक बाद में तृतीया, नक्षत्र- शतभिषा प्रात- 04.14 तक बाद में पूर्वाभाद्रपद, योग- वरीयान दोपहर- 03.33 तक बाद में परिघ,
करण-कौलव दोपहर- 01.59 तक बाद में तैतील दोपहर- 12.49 तक बाद में ग़र, राहु काल प्रात- 10.30 से 12.00 बजे तक,कुलीक काल प्रात- 07.30 से 09.00 बजे तक, यमगंड दोपहर- 03.00 से 04.30 बजे तक अभिजीत मुहूर्त- 12.18 से 01.02 तक, दुमुहूर्त प्रात- 09.22 से 10.06 तक दोपहर- 01.02 से 01.46,अमृत काल प्रात- 09.30 से 11.00 तक ब्रह्म मुहूर्त-प्रात- 05.34 से 06.22 तक।

# 31 जनवरी 2025 का दैनिक राशिफल।

मेष- निवेश किए धन का लाभ अटक सकता है, मन में काफी विचार चलेंगे,
एक्सपेलर,औषधि,केमिकल कार्य से लाभ होगा।
भाग्य प्रतिशत-62

वृषभ- अपनी स्किल को दिखाने का अवसर मिलेगा, इंजिनियर को जॉब मिल सकती है, काम कराने के लिए किसी पर दबाव ना डाले।
भाग्य प्रतिशत-75

मिथुन-अपना पैसा किसी निकाल लेंगे, धार्मिक कार्य में चंदा दे सकते है,
करियर बदलने का फैसला ना करें,
बुटीक, साड़ी, किताब मार्केटिंग कार्य में उन्नति करेंगे।
भाग्य प्रतिशत-73

कर्क-जीवन को सही रूप से चलाना चाहेंगे,काम की अधिकता से बीमार पड़ सकते है, कोई काम होने का इंतजार काफी समय कर रहे है।
भाग्य प्रतिशत-70

सिंह- काम के सिलसिले में बाहर जाना हो सकता है, किसी प्रकार के नशे से दूर रहें, स्वरोजगार चलने लगेगा।
भाग्य प्रतिशत-63

कन्या- पत्नी के साथ किसी मांगलिक कार्य में जा सकते है, जिम कार्य, स्पोर्टस, रेस्टोरेंट कार्य चलेगा, भारी वजन ना उठाए, सरकारी कार्य दिक्कत हो सकती है।
भाग्य प्रतिशत-68

तुला- चाहेंगे कोई आपका ध्यान रखें, थोड़ा इमोशनल हो सकते है, ठंडी चीज़ का सेवन ना करें, आरटीओ, स्पेयर पार्ट्स, हार्डवेयर दुकान, सेल पर्चेज के लिए समय शुभ है।
भाग्य प्रतिशत-77

वृश्चिक- भाग्य का सहारा मिलेगा,धन प्राप्ति का योग है, चर्म रोग, लीवर,
थायरॉइड, मोटापा आदि रोग की दवा ले सकते है, शिक्षा क्षेत्र में इंटरव्यू दे सकते है।
भाग्य प्रतिशत-70

धनु- संतान की उन्नति होगी, गणित, केमिस्ट्री की कोचिंग चलेगी, सीए से मिल सकते है, किताब,आढ़ती व्यवसाय में उन्नति होगी।
भाग्य प्रतिशत-75

मकर- घर में मांगलिक कार्य करवा सकते है, कार्यक्षेत्र में सम्मान मिलेगा, घर से किए काम में फ़ायदा होगा।
भाग्य प्रतिशत-73

कुम्भ- पेंडिंग कार्य निपटा लेंगे, दुकान, लेखन, प्रिंटिंग व्यवसाय से लाभ होगा, लेक्चररशिप, वक़ालत में अच्छे मौके मिलेंगे।
भाग्य प्रतिशत-71

मीन- संबंधो को अच्छा करेंगे,
अकाउंट,आटा, तेल मसाले, आयुर्वेदिक दवाई व्यवसाय चलेगा, ज्योतिष विषय पढ़ सकते है।
भाग्य प्रतिशत-78

# महाकुंभ- अभिनेत्री पूनम पांडे ने लगाई गंगा में डुबकी, भगदड़ पर जताई संवेदना



मुंबई । अपनी मौत का स्वांग रचने वाली मॉडल पूनम पांडे महाकुंभ नगर पहुंची और गंगा में डुबकी लगाई। उन्होंने अपने अनुभव भी साझा किए। पूनम ने कहा कि यहां आस्था की कोई सीमा नहीं है। महाकुंभ में हुई भगदड़ पर संवेदना जताते हुए उन्होंने मोक्ष प्राप्ति की बात कही। सोशल मीडिया पर एक्टिव अभिनेत्री पूनम पांडे ने बताया कि उन्होंने महाकुंभ में जिंदगी को करीब से देखा। अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, महाकुंभ में जिंदगी को करीब से देखा, जहां 70 साल का एक बुजुर्ग नंगे पैर चलता है, जहां आस्था की कोई सीमा नहीं होती। यहां की भक्ति ने मुझे आश्चर्य में डाल दिया। प्रयागराज में बुधवार को हुई भगदड़ पर अभिनेत्री ने मृतकों, उनके परिजनों और घायलों के प्रति संवेदना जताई। अभिनेत्री ने लिखा, जो लोग अपनी जान गंवा चुके हैं, उनके लिए गहरी संवेदना, उम्मीद है कि उन्हें मोक्ष मिलेगा। सर्वाइकल कैंसर से अपनी मौत का नाटक करने के कारण सुर्खियों में आने वाली अभिनेत्री-मॉडल पूनम पांडे शेयर किए गए तस्वीरों और वीडियोज में काले रंग का कुर्ता पहन गंगा में डुबकी लगाती नजर आईं, इस पर महाकाल लिखा था। बता दें, महाकुंभ में फिल्म और टीवी जगत के कई सितारे शिरकत कर चुके हैं। हाल ही में अभिनेत्री किटू गिडवानी महाकुंभ में पहुंची थीं। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर कर प्रशंसकों को जानकारी दी थी, जिसमें उन्होंने महाकुंभ को 'शानदार आध्यात्मिक अनुभव' बताया था। पूनम पांडे, किटू गिडवानी के अलावा फिल्म निर्माता कबीर खान, कॉमेडियन-अभिनेता सुनील ग्रोवर, गायक-अभिनेता गुरु रंधावा, अविनाश तिवारी, अनुपम खेर, भाग्यश्री, रेमो डिसूजा, सिद्धार्थ निगम, प्रियंका चोपड़ा की मां मधु चोपड़ा समेत कई मशहूर हस्तियां इस भव्य आध्यात्मिक समागम में भाग ले चुकी हैं। वहीं, अभिनेत्री ममता कुलकर्णी ने महाकुंभ में संन्यास ले लिया है। भगवा वस्त्र में तस्वीरें और वीडियोज शेयर कर उन्होंने प्रशंसकों को यह जानकारी दी थी। जूना अखाड़ा ने ममता कुलकर्णी को नया नाम यामाई ममता नंद गिरि दिया है।

## जब इंसान गरीब होता है, तो सबसे सस्ती चीज खुशी होती है –अनुपम खेर



मुंबई । अभिनेता अनुपम खेर ने सोशल मीडिया पर एक भावनाओं से भरा पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने अपने दादाजी की बात प्रशंसकों को बताई। उन्होंने बताया कि इंसान जब गरीब होता है तो उसके पास सबसे बड़ी चीज खुशी होती है। इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर करते हुए अभिनेता ने चंद शब्दों में दिल छू लेने वाली बात कही। उन्होंने लिखा, जब इंसान बहुत गरीब होता है, तो सबसे सस्ती चीज खुशी होती है। शेयर किए गए वीडियो में अभिनेता कहते नजर आए, मेरा छोटा सा घर था, जिसमें 14 लोग रहते थे और कमाने वाले अकेले मेरे पिताजी थे। मैं 1960 की बात कर रहा हूं और उस वक्त उनकी तनख्वाह 90 रुपये थी। उस 90 रुपये से 14 लोगों का परिवार चलता था मगर हम उस समय भी बहुत खुश रहते थे। अभिनेता ने बताया कि उनका बचपन बहुत गरीबी में बिता है मगर इस बात में कोई शक नहीं कि उन दिनों उनका परिवार कम पैसों में भी बहुत खुश रहता था। अभिनेता को बचपन में इस बात से हैरत होती थी। उन्होंने आगे कहा, मैं छोटा था, एक दिन मैंने अपने दादाजी से पूछा कि दादाजी, हम लोग इतने गरीब हैं मगर इसमें भी इतने खुश कैसे हैं? अभिनेता वीडियो के अंत में बताया कि उनके प्रश्न पर दादाजी ने क्या जवाब दिया। खेर ने कहा, दादाजी ने मेरे सवाल पर बड़ी अच्छी बात कही थी, बेटा जब इंसान गरीब होता है तो उसके पास सबसे सस्ती चीज खुशी होती है। शेयर किए गए वीडियो मोंटाज में अनुपम खेर के साथ उनके परिवार की पुरानी तस्वीरें नजर आईं। खेर ने अपने दादा-दादी, पिता और भाई राजू श्रीवास्तव के साथ तस्वीरों वाला वीडियो शेयर किया।

## कोहली की मौजूदगी के कारण डीडीसीए ने प्रशंसकों के लिए और गेट खोले, सुरक्षा बढ़ाई



नई दिल्ली । दिल्ली-रेलवे रणजी ट्रॉफी मैच में अरुण जेटली स्टेडियम में प्रशंसकों की भारी भीड़ को देखते हुए दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने कहा है कि विराट कोहली को एक्शन में देखने के लिए उत्सुक दर्शकों के लिए और गेट खोले जाएंगे। डीडीसीए के सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के बाद वीआईपी मूवमेंट के 11 बजे खुलने के बाद एसोसिएशन स्टेडियम के बाकी गेट खोल देगा ताकि अधिक प्रशंसकों को प्रवेश मिल सके, क्योंकि कोहली 12 साल से अधिक समय के बाद रणजी ट्रॉफी में वापसी कर रहे हैं। सूत्रों ने यह भी कहा है कि डीडीसीए के शीर्ष अधिकारी वर्तमान में प्रशंसकों के लिए भोजन की व्यवस्था पहले दिन से ही शुरू करने के लिए बैठक कर रहे हैं। समझा जाता है कि डीडीसीए को 10,000 प्रशंसकों की उपस्थिति की उम्मीद थी, गेट 16 और 17 खुले थे, और आधार कार्ड के आधार पर प्रवेश दिया जाना था। लेकिन दिल्ली के सभी हिस्सों के साथ-साथ नोएडा, गाजियाबाद और एनसीआर क्षेत्र के बाकी हिस्सों से 15,000 से अधिक प्रशंसक स्टेडियम में उमड़ पड़े और सुबह 3 बजे से ही कतारों में खड़े हो गए, जिससे डीडीसीए की गणना गड़बड़ा गई और उन्हें सुबह 9.30 बजे कार्रवाई शुरू होने से पहले दर्शकों के प्रवेश के लिए गेट नंबर 18 खोलना पड़ा, क्योंकि दिल्ली ने टॉस जीतकर रेलवे के खिलाफ पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

कोहली को एक्शन में देखने के इच्छुक प्रशंसक आयोजन स्थल के बाहर और गौतम गंभीर और बिशन सिंह बेदी के स्टैंड में उनके और आईपीएल टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के नाम के नारे लगा रहे थे। भोजन की व्यवस्था पर काम चल रहा है, स्टेडियम में आरओ वाटर काउंटर पहले से ही मौजूद हैं और काम करने की स्थिति में हैं। सूत्रों ने यह भी कहा कि डीडीसीए पहले से किए गए निजी सुरक्षा इंतजामों के अलावा पुलिसकर्मियों की मौजूदगी भी बढ़ा रहा है, खास तौर पर तब जब 12वें ओवर के दौरान एक उत्सुक प्रशंसक उत्तर स्टैंड से कोहली के पैर छूने के लिए दौड़ा और उसे ले जाया गया, हालांकि दूसरे स्लिप पर खड़े बल्लेबाजी दिग्गज ने प्रशंसक को जोर से नहीं मारने के लिए कहा। सूत्रों ने कहा, हम दिल्ली में रणजी ट्रॉफी मैच में आम तौर पर सुरक्षा के लिए 25-30 लोगों को रखते हैं। लेकिन विराट के आने के बाद हमें स्टेडियम में 50 और अब 100 सुरक्षाकर्मी मिल गए हैं। राजघाट में वीआईपी मूवमेंट के आसपास काम पूरा होने के बाद हम पुलिसकर्मियों को बुलाएंगे।

## स्टार प्लस के शो गुम है किसी के प्यार में के प्रोमो में रेखा की शानदार मौजूदगी



मुंबई । बॉलीवुड की सदाबहार अभिनेत्री रेखा ने स्टार प्लस के शो गुम है किसी के प्यार में के नए प्रोमो में अपनी खास मौजूदगी से चार चांद लगा दिए। स्टार प्लस का शो %गुम है किसी के प्यार में अब एक नया धमाकेदार चैप्टर लेकर आ रहा है, जिसमें सस्पेंस, रोमांस और जोरदार ट्विस्ट देखने को मिलेंगे। रेखा ने गुम है किसी के प्यार में के नए प्रोमो में अपनी खास मौजूदगी से चार चांद लगा दिए।

इस प्रोमो में शो की नई कास्ट का खुलासा किया गया, जिसे खुद रेखा ने अपनी दिलकश और सुकून भरी आवाज़ में पेश किया। उनकी मौजूदगी ने इस प्रोमो को और भी खास और यादगार बना दिया है।

रेखा का प्रोमो में आना वाकई सिनेमा का एक जादुई पल है। उनकी आवाज, जो समझदारी और भावनाओं से भरी हुई है, इस कहानी में एक रहस्यमयी एहसास जोड़ती है और दर्शकों को किरदारों की भावनात्मक यात्रा से जोड़ती है। अपनी बेहतरीन एक्टिंग और खूबसूरती के लिए मशहूर रेखा का गुम है किसी के प्यार में और स्टार प्लस से जुड़ना शो में एक शाही और भव्यता का अनुभव लाता है। उनकी मौजूदगी इस प्रोमो को और भी खास और यादगार बना देती है।

## महाकुंभ के बीच प्रयागराज के लिए किराया हुआ स्थिर, उड़ानें बढ़ाई - इंडिगो





नई दिल्ली । एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रयागराज के लिए उड़ानों का किराया स्थिर हो गया है और उसने महाकुंभ के लिए इस मार्ग पर उड़ानों की संख्या बढ़ाकर 900 कर दी है। यात्रियों की बढ़ती मांग के चलते प्रयागराज की उड़ानों पर किराये में बढ़ोतरी को लेकर लगातार चिंता बनी हुई है और सरकार ने एयरलाइन कंपनियों से टिकट की कीमतें स्थिर रखने के साथ-साथ इस मार्ग पर और अधिक उड़ानें संचालित करने को कहा है। महाकुंभ 13 जनवरी से शुरू हुआ है और 26 फरवरी को समाप्त होगा। पहले से सक्रिय की गई अतिरिक्त क्षमता के अलावा, इंडिगो ने कहा कि वह अपने नेटवर्क के अन्य हिस्सों से क्षमता का पुन: आवंटन करने पर भी काम कर रही है, ताकि यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अधिक उड़ानें जोड़ी जा सकें। इंडिगो ने बयान में कहा, एयरलाइन ने किराये को स्थिर रखना भी सुनिश्चित किया है और अपने सभी ग्राहकों को सर्वोत्तम संभव यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। बुधवार को सूत्रों ने बताया था कि इंडिगो ने प्रयागराज की उड़ानों के किराये में 30-50 प्रतिशत तक की कमी की है। एयरलाइन के अनुसार, उसने महाकुंभ अवधि के दौरान प्रयागराज हवाई अड्डे से उड़ानों की संख्या और सीट क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि की है। बयान के अनुसार, इस विशेष अवधि के लिए, एयरलाइन अब प्रयागराज से/के लिए 1,65,000 से अधिक सीटों का संचालन करेगी, जो हवाई अड्डे की इसकी सामान्य क्षमता से दोगुनी से भी अधिक है। कंपनी ने बयान में कहा, इस अवधि के दौरान, इंडिगो प्रयागराज को भारत में 10 स्थानों से जोड़ेगी। इनमें दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, लखनऊ, रायपुर और भुवनेश्वर से मौजूदा संपर्क के अलावा अहमदाबाद, कोलकाता और जयपुर से उड़ानें भी शामिल होंगी।

इसके अलावा, इंडिगो ने कहा कि उसने प्रयागराज से/के लिए मौजूदा मार्गों पर बड़े विमान ए321 के परिचालन और फेरे बढ़ाकर क्षमता में वृद्धि की है। इंडिगो ने कहा, कुल मिलाकर, एयरलाइन प्रयागराज से/के लिए लगभग 900 उड़ानें संचालित करेगी, जो कि 490 नियमित सेवाओं की तुलना का लगभग दोगुना हैं।'' प्रयागराज की उड़ानों के लिए अत्यधिक किराया वसूले जाने के बीच नागर विमानन मंत्रालय ने बुधवार को एयरलाइन कंपनियों से उचित टिकट कीमतें बनाए रखने को कहा था। साथ ही, उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी ने विमानन नियामक नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) से कीमतों को कम करने के लिए कदम उठाने का आग्रह किया था।

## सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन समारोह में निदेशक के तौर पर शामिल हुई सारा



मुंबई । सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन (एसटीएफ) की ओर से बीते दिनों मुंबई के बॉम्बे क्लब में एक सामूहिक समारोह आयोजित किया गया था। इसमें सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर फाउंडेशन में निदेशक की भूमिका में पहली बार शामिल हुईं। इसमें सारा युवाओं से जुड़ने और उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने में उनकी मदद करने पर केंद्रित नया एक नया दृष्टिकोण लेकर आई हैं। समारोह खत्म होने के कुछ दिन बाद सारा ने सोशल मीडिया पर समारोह की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इसमें उनकी एक तस्वीर मां और पिता के साथ है। फाऊंडेशन समारोह को सचिन तेंदुलकर की पत्नी अंजलि तेंदुलकर ने भी संबोधित किया और भविष्य की योजनाओं पर बात की। समारोह में कई दिग्गज हस्तियां भी पहुंचीं थीं। मशहूर गायक शंकर महादेवन भी विशेष तौर पर पहुंचे। समारोह में सारा तेंदुलकर की दोस्त भी पहुंची थीं। सारा फाऊंडेशन समारोह के दौरान बेहद खुश दिखीं। फाऊंडेशन समारोह के अंत में सचिन ने फाऊंडेशन से जुड़ी एनजीओ के प्रतिनिधियों के साथ तस्वीरें भी शेयर की। सचिन ने फाऊंडेशन शुरू करने के कार्य और भविष्य की योजनाओं पर भी खुली बात की। बहरहाल, समारोह में कोल्डप्ले के मुख्य गायिक क्रिस मार्टिन विशेष तौर पर पहुंचे थे। फाऊंडेशन की यात्रा पर विचार करते हुए सचिन ने कहा कि जब मैं आखिरी बार पवेलियन की ओर लौटा, तो मेरे मन में यह भाव था कि मेरी पारी अभी खत्म नहीं हुई है। अंजलि और मेरा यह सपना था कि जरुरतमंदों के लिए कुछ आसान किया जाए और युवा सपने देखने वालों को खुद पर विश्वास करने और उड़ान भरने में मदद की जाए। हमने महसूस किया कि विचार का अंकुरण इसे लागू करने से कहीं ज्यादा आसान था। आखिरकार ये फाऊंडेशन अस्तित्व में आया और अब हम अपना काम करते हुए आधा दशक पार कर चुके हैं, आगे भी ये सफलर इसी गति के साथ जारी रहेगा।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक संपादक दीपक शर्मा द्वारा वत्स ऑफ़सेट मुद्दा हॉउस, प्रिंटर्स प्रेस सी -ब्लॉक बारात घर रघुनाथपुर सेक्टर -22 नोएडा से मुद्रित एवं ग्राम पोस्ट शेखपुर थाना बाबूगढ़ हापुड़ से प्रकाशित। आर एन आई नंबर UPHIN/2020/86789 मो. 9953840820, ईमेल आईडी ujalahiteshie&press@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय हापुड़ स्थित न्यायालय में होगा।

## नगर में सनी मेडिकल स्टोर का उद्घाटन, शोएब मेवाती ने किया शुभारंभ



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गुलावठी (सैय्यद मजहर)। नगर पालिका परिषद के पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी एवं युवा समाजसेवी शोएब मेवाती ने महरबानपुरा कॉलोनी में सनी मेडिकल स्टोर का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारे स्वास्थ्य के लिए उच्च गुणवत्ता की दवाइयाँ अत्यंत आवश्यक हैं। सभी मेडिकल स्टोर संचालकों को चाहिए कि वे अपने ग्राहकों को उच्च क्वालिटी की औषधियाँ ही उपलब्ध कराएं, जिससे बीमारियों का शीघ्र और प्रभावी उपचार संभव हो सके। इस अवसर पर नगर के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पूर्व सभासद संजय मुक़द्दम, ग्राम प्रधान अफ़सर मेवाती (जीरावठी), सनी चौधरी, अज़हर चौधरी, आशु मलिक और राक़िम मुक़द्दम समेत नगर के कई सम्मानित नागरिकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उपस्थित जनों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक सकारात्मक कदम बताया।

## नगर पालिका अध्यक्ष शैलेश तेवतिया ने किया निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गुलावठी (सैय्यद मजहर)। नगर पालिका परिषद द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों का आज नगर पालिका अध्यक्ष शैलेश तेवतिया ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए और आवश्यक मात्रा में उचित सामग्री का उपयोग हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी भी प्रकार की घटिया सामग्री के उपयोग की शिकायत मिली तो संबंधित अधिकारी या ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही, पालिका अध्यक्ष ने नगर में सफाई व्यवस्था को लेकर भी सफाई कर्मियों को निर्देशित किया कि स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। उनके इस औचक निरीक्षण से ठेकेदारों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान सभासद अनिमेष अगस्तिन, पूर्व सभासद योगराज सिंह, ठेकेदार यशवंत उर्फ लाला सहित वार्ड के कई सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।

## रघुनाथ बारह सैनी इंटर कॉलेज में एनडीआरएफ टीम ने आपदा प्रबंधन का दिया प्रशिक्षण



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। नरौरा क्षेत्र राजघाट स्थित रघुनाथ बारह सैनी इंटर कॉलेज में गुरुवार को गाजियाबाद से आई एनडीआरएफ टीम ने छात्र-छात्राओं को आपदा प्रबंधन की ट्रेनिंग दी। इस दौरान टीम ने मॉक ड्रिल के माध्यम से बताया कि आपदा के समय राहत कार्य कैसे किए जाएं और किन उपायों से जान-माल की रक्षा की जा सकती है। आग लगने, बाढ़ आने, पानी में डूबने और भूकंप जैसी आपदाओं में किस प्रकार से प्राथमिक चिकित्सा दी जाए, इसका विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। छात्रों को बताया गया कि संकट के समय धैर्य बनाए रखना और सही तकनीकों का उपयोग करना बेहद आवश्यक होता है। इस मौके पर रघुनाथ बारह सैनी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रवेश कुमार गुप्ता ने एनडीआरएफ टीम का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में राजकुमार, नटवर सिंह, लक्ष्मण तिवारी, रामू श्यामू, वेदप्रकाश शर्मा, सुनील कुमार, हिमांशु रावत, सुभाष कुमार, देवेन्द्र कुमार, नरेंद्र कुमार, कुबेर सिंह, बविता गोयल, वर्षा गुप्ता, मुकेश कुमार और नगीना सहित समस्त अध्यापकगण उपस्थित रहे।

## टीवीएसजी इंटर कॉलेज में हुआ भव्य फेयरवेल समारोह, रंगारंग कार्यक्रमों ने मोहा मन

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। जहांगीराबाद क्षेत्र के गांव जाड़ोल स्थित टीवीएसजी इंटर कॉलेज में फेयरवेल कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कक्षा ग्यारहवीं की छात्राओं द्वारा बारहवीं की छात्राओं के लिए आयोजित इस विदाई समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सुंदर प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक देवेंद्र लोधी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए, जिसके पश्चात नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति व रंगारंग कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी। फेयरवेल समारोह की शुरुआत बड़े ही सुंदर ढंग से की गई, जिसमें बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान पर आधारित नाट्य रूपांतरण प्रस्तुत किए गए। छात्राओं ने अपने शिक्षकों का भव्य स्वागत किया और बारहवीं की छात्राओं का अभिनंदन पुष्पवर्षा से किया गया। सांस्कृतिक समूह नृत्य के साथ विभिन्न राज्यों के पारंपरिक कार्यक्रमों पर आधारित नाटकों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्र-छात्राओं ने विद्यालय में बिताए सुनहरे पलों को याद किया और अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कॉलेज की अनुशासनप्रिय शिक्षा प्रणाली को अपनी सफलता का आधार बताया। कार्यक्रम में छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए प्रबंधक डॉ. अजीत सिंह ने कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करने से ही सफलता प्राप्त होती है। उन्होंने छात्रों को अनुशासन और कड़ी मेहनत के महत्व को समझाते हुए प्रेरित किया कि शिक्षा के साथ जीवन के अहम लक्ष्यों को केंद्रित कर उनका अनुसरण करें, जिससे सफलता निश्चित रूप से मिलेगी।

## ICOP पत्रकार संगठन ने सोमेंद्र कुमार को रायबरेली का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर(सैय्यद मजहर)। इंडियन कौंसिल ऑफ प्रेस (ICOP) पत्रकार संगठन ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए सोमेंद्र कुमार को रायबरेली जिले का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह घोषणा संगठन की प्रदेश कार्यकारिणी के वरिष्ठ पदाधिकारियों की मौजूदगी में की गई। इस नियुक्ति का आधार बुलंदशहर के जिला अध्यक्ष दिनेश शर्मा की अनुशंसा रही, जिन्होंने सोमेंद्र कुमार के अनुभव और पत्रकारिता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को देखते हुए यह प्रस्ताव रखा। सोमेंद्र कुमार को पदभार सौंपते हुए संगठन के प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्यों ने उम्मीद जताई कि वे जिले में पत्रकारिता को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। रायबरेली जिले में पत्रकारों के हितों की रक्षा और उनके अधिकारों के लिए वे अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। इस अवसर पर संगठन की मजबूती और स्वतंत्र पत्रकारिता को प्रोत्साहित करने के लिए कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। दिनेश कुमार पाल ने इस सम्मान के लिए संगठन का धन्यवाद करते हुए कहा कि वे पत्रकारों के हक और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। ICOP पत्रकार संगठन के उद्देश्यों और प्राथमिकताओं पर प्रकाश डालते हुए बुलंदशहर जिला अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने कहा कि उनकी प्राथमिकता पत्रकारों की सुरक्षा, उनके अधिकारों का संरक्षण और स्वतंत्र पत्रकारिता को बढ़ावा देना है। सोमेंद्र कुमार की इस नियुक्ति से रायबरेली जिले के पत्रकारों में उत्साह की लहर है। पत्रकारों का मानना है कि दिनेश शर्मा के नेतृत्व में संगठन और अधिक सक्रिय होगा और जिले में पत्रकारिता के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव आएंगे। संगठन ने सभी पत्रकारों से एकजुट होकर इसकी मजबूती में योगदान देने की अपील की, वहीं सोमेंद्र कुमार ने भी सभी से सहयोग की अपेक्षा जताई।

## लोकतंत्र सेनानी स्व० मदन गोपाल विमल की जयंती पर 2 फरवरी को होगा कवि सम्मेलन

उजाला हितैषी एक्सप्रेस




औरंगाबाद (सैय्यद मजहर)। मूढीबकापुर मोड़ के सामने स्थित गोयल भवन के प्रांगण में 2 फरवरी को लोकतंत्र सेनानी स्व0 डॉ0 मदन गोपाल विमल की 93वीं जयंती श्रद्धाभाव के साथ मनाई जाएगी। कार्यक्रम संयोजक डॉ0 राजेश गोयल साहित्यकार ने बताया कि कवि सम्मेलन का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया जाएगा। इस अवसर पर दर्जनों कवि अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं का मन मोहेंगे। कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रमुख कवियों में ग़ाफ़िल स्वामी, डॉ कमल किशोर भारद्वाज कमल, मंगल सिंह मंगल, कंछिद सिंह सरल, वीरेंद्र हूस, सुखबीर सिंह बेखौफ, आलोक बेजान, रमेश प्रसून, अनूप सिंह, चक्रपाणि चक्र, राजेंद्र राज, नवल किशोर, दिव्यहंस दीपक, शम्भूदत्त त्रिपाठी, ख्यालीराम खुशहाल, सुनील शास्त्री, जलज दीप, नितिन रस्तोगी, राकेश जख्मी, राजेश राज, देवेंद्र देव, बुधपाल सिंह सजग, जीपी सफर, साधना अग्रवाल, डेज़ी रानी मिश्रा और जय किशन अग्रवाल शामिल हैं। सभी कवि अपने-अपने कविता पाठों से उपस्थित श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन करेंगे। कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर हैं और सैकड़ों श्रोताओं को आमंत्रण पत्र भेजकर कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया जा रहा है। आयोजन को लेकर नगर में उत्साह का माहौल है और यह कवि सम्मेलन साहित्य प्रेमियों के लिए एक विशेष अवसर बनने जा रहा है।

## महाकुंभ हादसे को लेकर योगी सरकार संवेदनशील, मृतकों के परिजनों को मिलेगी सहायता- नरेंद्र बंसल

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। प्रयागराज महाकुंभ में हुए दर्दनाक हादसे को लेकर योगी सरकार पूरी तरह संवेदनशील है। भाजपा के योग गुरु जिला संयोजक नरेंद्र बंसल ने कहा कि इस घटना से सभी सनातनी आहत हुए हैं और जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है, उन्हें पूरे देश की ओर से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्माओं को मोक्ष प्रदान करें और शोक संतप्त परिवारों को इस दुखद घड़ी में संबल दें। उन्होंने कहा कि जब कोई परिवार अपने किसी सदस्य को खो देता है, तो उसकी पीड़ा को वही सबसे अधिक महसूस कर सकता है। महाकुंभ में निश्चित रूप से ईश्वरीय शक्ति का संरक्षण रहा, अन्यथा इतनी बड़ी संख्या में कोई बड़ा हादसा भी हो सकता था। योगी सरकार ने मृतकों के परिवारों के लिए तुरंत 25 लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है। साथ ही, प्रशासन को यह निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी परिस्थिति में श्रद्धालुओं को उनके गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचाया जाए और किसी को कोई असुविधा न हो। नरेंद्र बंसल ने कहा कि इस हादसे पर राजनीति नहीं होनी चाहिए, बल्कि सभी को मिलकर पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि दृढ़ इच्छाशक्ति रखने वाले लोग किसी भी हादसे से टूटते नहीं हैं और यह समय एकजुट होकर पीड़ितों की सहायता करने का है।

## महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस नेताओं ने शहीद स्मारक पर दी श्रद्धांजलि



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि एवं शहादत दिवस पर कांग्रेस के नगर व क्षेत्र अनूपशहर के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गंगा घाट के निकट स्थित शहीद स्मारक अनूपशहर में एकत्र होकर बापू की प्रतिमा और शहीद स्तंभ पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान जिला महासचिव ज्ञानेंद्र सिंह राघव और महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष प्रज्ञा गौड़ के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रघुपति राघव राजा राम, पतित पावन सीताराम भजन का उच्चारण कर बापू को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य राजेश शर्मा, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रज्ञा गौड़, महासचिव ज्ञानेंद्र सिंह राघव और अध्यक्ष सलाम खां ने महात्मा गांधी को राष्ट्रीय पिता, सच्चा देशभक्त और आजादी का महानायक बताते हुए उनकी विचारधारा को याद किया। उन्होंने कहा कि बापू के सत्य, अहिंसा और शांति के सिद्धांतों को अपनाकर ही देश में एकता और सद्भाव कायम किया जा सकता है। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने वर्तमान समय में समाज में फैलाई जा रही विभाजनकारी नीतियों की आलोचना करते हुए लोगों से बापू के विचारों को आत्मसात करने की अपील की। उन्होंने सत्य, अहिंसा और देशभक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाने और राष्ट्रीय सेवा में जुटकर महात्मा गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि देने का संकल्प लिया। इस श्रद्धांजलि सभा में राजेंद्र शर्मा, कौशल शर्मा, जीशान कुरैशी, यीशु शर्मा, चांद खां, विनय सोती, मोहन सरीन, मोहम्मद उमर, अहमद हसन सहित कई कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता शामिल रहे।

## कांग्रेसियों ने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर किया नमन, जियाउर्रहमान ने गोडसे की विचारधारा को बताया देश के लिए खतरनाक



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। गुरुवार को कांग्रेस नेताओं ने जिला कार्यालय पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की और गांधीवादी विचारधारा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस मौके पर कांग्रेस नेताओं ने महात्मा गांधी के विचारों की महत्ता को रेखांकित करते हुए उनकी विरासत को बचाने की आवश्यकता पर जोर दिया। पूर्व विधायक प्रत्याशी और युवा प्रदेश उपाध्यक्ष जियाउर्रहमान एड ने कहा कि आज देश में कुछ लोग गांधी जी के चश्मे और लाठी का इस्तेमाल तो करते हैं, लेकिन उनकी विचारधारा और गांधीवादी संस्थानों को खत्म करने में लगे हुए हैं। उन्होंने मोदी सरकार पर गांधीवादी संस्थाओं को नष्ट करने का आरोप लगाया। जियाउर्रहमान ने कहा कि आज सत्ता में बैठे लोग गांधी जी के बलिदान को नहीं मानते और उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के बारे में गलत बयानबाजी की है। जियाउर्रहमान ने गांधीजी के सत्य, अहिंसा और सर्वोदय के सिद्धांतों को याद करते हुए कहा कि इन विचारों से ही देश की एकता और अखंडता कायम रह सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग गांधीजी के आदर्शों को नष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं, उनके खिलाफ हमें एकजुट होकर खड़ा होना चाहिए। शहर अध्यक्ष प्रशांत बाल्मिकी ने गांधी जी की शहादत दिवस पर भारत की विविधता में एकता को बनाए रखने और सभी के लिए न्याय और समानता सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। वरिष्ठ नेता नरेंद्र चौधरी ने नाथूराम गोडसे को देश का पहला आतंकी करार दिया और कहा कि गोडसे की विचारधारा आज भी देश के लिए खतरनाक है। उन्होंने गांधीजी की विरासत की रक्षा और प्रचार-प्रसार की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष प्रशांत बाल्मिकी, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष जियाउर्रहमान एड, वरिष्ठ नेता नरेंद्र चौधरी, डॉ. इरफान, एनएसयूआई अध्यक्ष सचिन वशिष्ठ, शिवम पंडित, साहिल शाह, मुस्तकीम, विमलेश बाल्मिकी, नरेश शर्मा, नरेश टीटी, जेपी शर्मा, सादिक सैफी, सुहेल मलिक, उस्मान चौधरी, नवेद खान, अतुल, हिमांशु सहित अन्य कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बुलंदशहर में शहीदों की पुण्यतिथि पर पुलिस लाइन में श्रद्धांजलि अर्पित



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। आज 30 जनवरी 2025 को अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री शंकर प्रसाद की अध्यक्षता में पुलिस लाइन में शहीदों की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री शंकर प्रसाद ने शहीदों के बलिदान को याद करते हुए उनके योगदान को सराहा और उनके परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि शहीदों की कुर्बानी हमेशा देशवासियों के दिलों में अमर रहेगी और हम उनके आदर्शों पर चलते हुए अपने कर्तव्यों का पालन करेंगे।

## प्रयागराज से दिल्ली जा रही रोडवेज बस का ट्रोला से एक्सीडेंट, एक की मौत, 14 घायल





उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। आज प्रातः 8.00 बजे थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम भैसोली के समीप कट पर प्रयागराज से दिल्ली जा रही एक रोडवेज बस का ट्रोला के साथ एक्सीडेंट हो गया। दुर्घटना में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई, जबकि 14 लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। घटना की सूचना मिलने पर जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति और एसएसपी श्री श्लोक कुमार ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों की स्थिति का जायजा लिया और उनके परिजनों से भी बातचीत की। जिलाधिकारी और एसएसपी ने घायलों को बेहतर उपचार प्रदान करने का आश्वासन दिया। जिलाधिकारी ने सीएमओ को निर्देश दिए कि घायलों को अच्छी चिकित्सा सुविधा मिले। एक व्यक्ति को गंभीर हालत में उच्चतर इलाज के लिए मेरठ रेफर किया गया, जबकि शेष 13 घायलों को जिला चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार के बाद 8 को छुट्टी दे दी गई। बाकी 5 घायलों का इलाज जारी है। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ. प्रशांत कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व श्री अभिषेक सिंह, और उप जिलाधिकारी सदर श्री नवीन कुमार भी उपस्थित रहे।

## बुलंदशहर में शहीदों को नमन कर कुष्ठ उन्मूलन अभियान 2025 का हुआ शुभारंभ

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति की अध्यक्षता में भारत के स्वतंत्रता संग्राम में शहीद हुए वीरों की स्मृति में मौन धारण कर शहीदों को नमन किया गया। इस अवसर पर जनपद में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान-2025 की शुरुआत भी की गई। यह अभियान 30 जनवरी 2025 से 13 फरवरी 2025 तक चलाया जाएगा। जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति ने सभागार में उपस्थित सभी लोगों को शपथ दिलाई और जनपदवासियों से अपील की कि वे अपने जनपद को कुष्ठ रोग से मुक्त बनाने के लिए पूरी तरह से समर्पित रहें। उन्होंने कहा, हम सभी मिलकर कुष्ठ रोगियों की पहचान करेंगे, और इस रोग से जूझ रहे लोगों के प्रति किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होने देंगे।

हम इस अभियान के दौरान हर संभव प्रयास करेंगे ताकि कुष्ठ रोगियों को समाज की मुख्यधारा में शामिल किया जा सके। जिलाधिकारी ने आगे कहा कि, हम कुष्ठ रोग से जुड़े कलंक और





भेदभाव को समाप्त करने के लिए अपनी पूरी ताकत लगाएंगे।
हम सब मिलकर जागरूकता फैलाएं, भ्रांतियों को दूर करें, और कुष्ठ प्रभावित किसी भी व्यक्ति को पीछे न छूटने दें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) श्री अभिषेक कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डॉ. प्रशांत कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मंजू अग्रवाल सहित कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन सेंटर ( NCORD ) समिति की बैठक





उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़ ( पुष्पेन्द्र कुमार) कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा, पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन सेंटर (NCORD) समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारियों सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिसमें आबकारी विभाग, एनसीबी, एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स, खाद्य सुरक्षा, औषधि विभाग, शिक्षा विभाग, क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो आदि प्रमुख हैं।
बैठक का मुख्य उद्देश्य नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार को रोकने के लिए विभागों के बीच समन्वय बढ़ाना और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करना था। बैठक में विभागों द्वारा गत माह में किए गए कार्यों की समीक्षा की गई और आगे की रणनीतियों पर चर्चा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए की जनपद में संचालित दवाइयो की फैक्ट्री पर निरंतर निरीक्षण करते हुए अधिकारी दवाइयो में नशीले पदार्थ की मिलावट को रोकने हेतु जांच करते रहें। इसके अतिरिक्त नशीले पदार्थ पर रोक लगाने के लिए एक शॉर्ट फिल्म बनाकर जनपद के मुख्य चौराहे एवं स्कूलों में निरंतर चलाते रहे जिससे लोगों में नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार को रोकने में जागरूकता आ सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक ज्योत्सना बंधु सहित सभी पुलिस क्षेत्राधिकारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# हापुड़ में एनसीओआरडी समिति की बैठक आयोजित, नशे के खिलाफ कड़ा रुख

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो



हापुड़। जिले में नशीले पदार्थों की तस्करी और नशे के दुरुपयोग को रोकने के लिए जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नारकोटिक्स समन्वय केंद्र (NCORD) की जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री, अफीम, गांजा और भांग की खेती पर रोक लगाने और नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान को प्रभावी बनाने पर चर्चा हुई। अधिकारियों ने विशेष रूप से स्कूल और कॉलेजों में जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया, ताकि युवा नशीली दवाओं के दुष्प्रभावों को समझें और उनसे बच सकें। एनडीपीएस अधिनियम के तहत अवैध गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक रणनीतियों पर भी चर्चा की गई। बैठक में सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि वे अपने स्तर पर निगरानी बढ़ाएं और अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई करें। इसके बाद अभियोजन अधिकारियों के साथ एक गोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें न्यायालय में लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण पर चर्चा हुई। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे मामलों की सुनवाई में तेजी लाएं और दोषियों को सख्त सजा दिलाने के लिए प्रभावी पैरवी करें।

# सरकारी चिकित्सक और चार साल के बच्चे में टीबी संक्रमण मिला

गाजियाबाद । 100 दिन के टीबी कार्यक्रम के तहत की जा रही एक्स-रे जांच में सरकारी डॉक्टर में संक्रमण की पहचान हुई है। इसके अलावा गैस्टिक लाबाज जांच से चार साल के बच्चे में टीबी संक्रमण की पुष्टि हुई है। अभियान के तहत विभाग बीपी, शुगर, 60 साल उम्र पार कर चुके और शराब पीने वाले लोगों की जांच कर रहा है। राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत शासन ने पूरे प्रदेश में 100 दिन का अभियान चलाकर टीबी रोगियों को खोजने के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में जिले के टीबी विभाग ने माइक्रो प्लान तैयार करके जांच की जा रही है। टीबी विभाग ने निक्षय शिविर लगाकर उच्च जोखिम वाले लोगों की सक्रीनिंग की जा रही है। उच्च जोखिम वाले लोगों में शुगर के मरीज, पूर्व टीबी रोगी, कुपोषित व्यक्ति, 60 साल से ऊपर के बुजुर्ग, घरेलू संपर्क, एचआईवी ग्रस्त व्यक्ति, धूम्रपान और शराब का नशा करने वाले लोगों की स्क्रीनिंग की जा रही है और उनकी एक्स-रे जांच भी की जा रही है। जिला क्षय रोग अधिकारी डा. अनिल यादव ने बताया कि 100 दिन के अभियान में एक्स-रे जांच के बाद भोजपुर पीएचसी के एक डॉक्टर में भी टीबी की पुष्टि हुई है। इसके अलावा शून्य से पांच साल के बच्चों की जांच के लिए स्टाफ को गैस्टिक लाबाज या इन्डयूज स्पुटम जांच का प्रशिक्षण दिया गया था। इस जांच से संजयनगर स्थित टीबी केंद्र में चार साल के बच्चे में टीबी की पुष्टि हुई है। अभी तक जिले में गैस्टिक लाबाज से जांच नहीं हो रही थी। मरीजों की सुविधा के लिए लोनी के 50 बेड अस्पताल, डासना, मुरादनगर और मोदीनगर सीएचसी पर भी एक्स-रे जांच का कार्य शुरू करा दिया गया है। टीबी जांच को जागरूक किया जा रहा - जिला क्षय रोग अधिकारी डा. अनिल यादव ने बताया कि विशेष दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन करके और धर्मगुरुओं के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा। आम जन को टीबी के प्रति जानकारी दी जा रही है और ज्यादा से ज्यादा लोगों की निक्षय आईडी बनाकर एक्स-रे जांच कराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# गाजियाबाद में व्यापारी से एक लाख का सामान व नकदी लेकर ठग फरार

गाजियाबाद । इंदिरापुरम के झंडापुर में दुकान चलाने वाले व्यापारी से ठग ने करीब एक लाख रुपये का सामान और सात हजार रुपये नकद हड़प लिए। ठग ने एक लाख रुपये से अधिक का तार खरीदा फिर पैसे देने के बहाने दुकानदार को डी मॉल में बैठाकर भाग गया। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की है। संजय कोहली निवासी झंडापुर रोड ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी झंडापुर में बालाजी इलेक्ट्रिक ट्रेंडिंग कंपनी के नाम से दुकान है। उनकी दुकान पर ग्राहक आया। जिसे उन्हें करीब 1 लाख 6 हजार 830 रुपये का तार का आर्डर दिलाया। ठग ने ऑर्डर किसी दूसरे व्यक्ति को दिलाया। इसका उसने कमीशन तय किया था। ठग ने संजय को नीतिखंड-डी मॉल पर बुलाया और स्कूटी पर माल लिया। ठग सामान स्कूटी पर रखकर संजय की कार में बैठ गया। ठग ने पैसों के लिए बोला कि ऑफिस में जाकर अपने सर से पैसे दिलाएगा। आरोपी संजय को डी मॉल के ऑफिस में बैठाकर मौके से गायब हो गया। आरोपी करीब सात हजार रुपये कमीशन के रूप में ले गया। संजय जब दुकान पर लौटे तो स्कूटी तार सहित गायब थी। ठगी का पता चलने पर उन्होंने पुलिस से मामले की शिकायत की थी। एसीपी साहिबाबाद रजनीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

# स्वामी विवेकानंद सरस्वती विद्या मंदिर में करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित

गाजियाबाद । स्वामी विवेकानंद सरस्वती विद्या मंदिर राजेंद्र नगर में करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तहसीलदार (न्यायिक) मोदीनगर डॉ. अरुण कुमार अग्रवाल रहे। डॉ. अग्रवाल ने विद्यार्थियों की करियर काउंसलिंग की।
उन्होंने विद्यार्थियों के साथ एनडीए, एसएससी, सीडीएस, एएफएसएटी, टीजीटी, पीजीटी, यूपी एसआई, यूपीएससी, यूपीपीसीएस व सीए आदि एग्जाम में सफल होने के लिए पूर्व नियोजित योजना के संदर्भ में विस्तृत चर्चा की।
चर्चा के दौरान एनसीईआरटी पैटर्न की पुस्तकों के महत्व पर प्रकाश डाला गया। बच्चों के उत्साहवर्धन को कुछ उदाहरण भी प्रस्तुत किए गए। उन्होंने कहा कि सफलता पाने के लिए लक्ष्य निर्धारित कर आत्मविश्वास के साथ कार्य करना चाहिए।
कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष कैलाश राघव, प्रबंधक केशव, उपाध्यक्ष डॉ. राधेश्याम गुप्ता, प्रधानाचार्य जगदीश रघुवंशी व उप-प्रधानाचार्या रमा शर्मा आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस जनों ने मनाई राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 78 वीं पुण्यतिथि, माल्यार्पण कर दी बापू को श्रद्धांजलि





उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। ( पुष्पेन्द्र कुमार) गुरुवार को शहर कांग्रेस जन नगर पालिका परिषद स्थित गांधी प्रतिमा स्थल पर एकत्रित हुए। जहां कांग्रेस जनों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 78 भी पुण्यतिथि शहादत दिवस के रूप में मनाई। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक गोयल की अध्यक्षता में कांग्रेस जनों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प व माल्यार्पण कर उन्हें अपने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को याद करते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक गोयल ने कहा कि महात्मा गांधी सत्य, अहिंसा और प्रेम के पुजारी थे। 30 जनवरी 1948 को नाथूराम गोडसे ने महात्मा गांधी की हत्या कर दी थी। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने जीवन भर अहिंसा पर जोर दिया था। महात्मा गांधी अपने जीवनकाल में कभी भी नहीं चाहते थे कि देश में कभी भी हिंदू - मुस्लिम के नाम पर कभी भी आपसी द्वेष हो, नफरत फैले, हिंसा न हो। लेकिन दुर्भाग्यवश गांधी जी की इस विचारधारा के चलते नाथूराम गोडसे ने बापू की हत्या कर दी। इसलिए आज के दिन महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को कांग्रेस जन शहादत दिवस के रूप में मनाते हैं। पूर्व विधायक गजराज सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी ने देश को अंग्रेजी हुकूमत से मुक्त कराने के लिए अनगिनत आंदोलन चलाए। जिसके परिणामस्वरूप अंग्रेजों को भारत छोड़कर जाना ही पड़ा। उन्होंने कहा कि ये सब गांधी जी की सोच, विचारधारा और उनके संघर्षों का ही परिणाम था जो 1947 में अंग्रेजों को भारत छोड़कर जाना ही पड़ा। कांग्रेस जनों ने गांधी जी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया और कहा कि वे देश के प्रति गांधी जी के बलिदान और उनके योगदान के लिए देश का हर नागरिक सदैव ऋणी रहेगा। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी अरविंद शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष सैय्यद अयाजुद्दीन, आई सी शर्मा, एडवोकेट शहजादा चौधरी, सिराजुद्दीन, अमित सैनी, सभासद सुशील शास्त्री, सुबोध शास्त्री, कुसुमलता, एस एस गौड़, भरतलाल शर्मा, हरीश गर्ग, विक्की शर्मा, गौरव गर्ग, निसार पठान, हारून सिद्दीकी, शहजाद मेवाती, संदीप कुमार, जावेद चौधरी, शाह आलम, शौकीन चौधरी, लोकेश बरवाल आदि लोग मौजूद रहे.!

# उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के माननीय सदस्यों की अध्यक्षता में बैठक आहूत

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



गाजियाबाद। दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के माननीय सदस्यों श्री मेलाराम पंवार, श्री रमेश कश्यप व श्री प्रमोद सैनी की अध्यक्षता में बैठक आहूत हुई। बैठक के दौरान माननीय सदस्यों द्वारा राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं पिछड़ा वर्ग के कल्याण में जनपद के सभी विभागों द्वारा किये जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी ली गयी। इसके साथ ही उन्होने सभी विभाग में ऑउट सोर्सिंग कर्मचारियों की नियुक्ति में पिछड़ा वर्ग की जातियों का अनुपात के बारे में भी विस्तृत जाकनारी ली। इस दौरान उन्होने समाज कल्याण विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, मत्स्य विभाग, कृषि विभाग, जिला दिव्यांजन कल्याण विभाग, गाजियाबाद नगर निगम, विद्युत विभाग, प्रोबेशन विभाग, जिला प्रशासन, मत्स्य विभाग सहित अन्य विभागों से विभागवार अनुपात की जानकारी ली। उन्होने सभी विभागों से पिछड़ा वर्ग की जातियों को किस—किस योजना में लाभ प्रदान किया गया है व कितने लोग इन योजनाओं से लाभान्वित हुए हैं इसकी जानकारी प्राप्त की। उन्होने विद्यार्थियों को दी जाने वाली स्कोलरशिप, शादी अनुदान सहित अन्य योजनाओं के लाभार्थियों की संख्या से अवगत हुए, जिन विभागों द्वारा विवरण नहीं दिये गये उन्हें डीएसडब्लूओ श्री पीयूष राय को रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया। उन्होने सभी विभाग के अधिकारियों को निदेर्शित किया कि विभागीय योजनाओं में पिछड़ावर्ग के लाभार्थियों को किसी भी प्रकार लाभ से वंचित न किया जाएं। कल्याणकारी योजनाओं को न्याय के साथ धरातल पर उतारा जाएं। पिछड़ा वर्ग के लोगों को कोटे के आधार पर प्राथमिकता दी जाएं। उन्होने कहा कि सभी विभाग श्रेणीवार अपने पास कर्मचारियों को डाटा रखें। ओ लेवल कोर्स का प्रचार—प्रसार किया जाएं। बैठक के दौरान पिछड़ा वर्ग के लोगों को मिलने वाली शादी अनुदान की राशि को बढ़ाने, योजनाओं का लाभ लेने हेतु आय प्रमाण पत्र में आय की सीमा को बढ़ाने आदि पर भी शासन को पत्र लिखने हेतु विचार किया गया। बैठक में मुख्य रूप से मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल, एडीएम ई श्री रणविजय सिंह, एसीपी उपासना पाण्डेय, बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री ओपी यादव, समाज कल्याण अधिकारी श्री वेद प्रकाश, डीडी कृषि श्री रामजतन मिश्र, जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी श्री सुधीर त्यागी सहित अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# निष्काम संस्था में ऐंबुलेंस सेवा हुई शामिल, जिलाधिकारी श्री दीपक मीणा ने हरी झण्डी दिखाकर ऐंबुलेंस को किया रवाना





उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गाजियाबाद। मोदीनगर की सामाजिक संस्था निष्काम सेवक जत्था समिति में आज एक नई एम्बुलेंस सेवा भी शामिल हुई। यह ऐंबुलेंस मोदीनगर की टीचर्स कॉलोनी के रहने वाले गुप्ता बंधुओ ने अपने स्वर्गीय पिता श्री राम किशन गुप्ता की स्मृति में निष्काम समिति को भेंट की। गाजियाबाद के नवनियुक्त जिलाधिकारी दीपक मीणा आईएएस ने कलेक्ट्रेट गाजियाबाद से निष्काम की इस ऐंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। निष्काम के अध्यक्ष जसमीत सिंह व वरिष्ठ पदाधिकारियों नें नवनियुक्त जिलाधिकारी गाजियाबाद को पुष्पगुच्छ तथा विशेष रूप से निष्काम की समस्त सेवाओं को प्रदर्शित करने वाला स्मृति चिन्ह भेंट कर निष्काम की तमाम सेवाओं से विस्तारपूर्वक अवगत भी कराया। इस अवसर पर नवनियुक्त जिलाधिकारी गाजियाबाद दीपक मीणा ने निष्काम को नयी ऐंबुलेंस की बधाई देते हुए मानवता की राह पर निस्वार्थ सेवा करते रहने की शुभकामनाएँ देते हुए सामाजिक कार्यो की भागीदारी में अपना भी भरपूर सहयोग देने का भरोसा दिलाया। जसमीत सिंह ने इस सेवा के लिए गुप्ता बंधुओं का आभार प्रकट करते हुए जिलाधिकारी गाजियाबाद को धन्यवाद ज्ञापित किया। जसमीत सिंह ने बताया कि यह ऐंबुलेंस सेवा मोदीनगर के लोगों के कष्ट के समय किफायती कीमत पर 24 घंटे उपलब्ध होगी।
इस अवसर पर निष्काम के मुख्य सरंक्षक चानन लाल ढींगरा, वरिष्ठ सदस्य जसप्रीत सिंह, ललित सचदेवा, धीरज कालरा, अनुप्रीत कौर, ट्विंकल बतरा, निशिथ बावीशी, रविकांत ठाकुर, जसमिन्दर सिंह, संदीपऑबराय, अनुप्रीत कौर, रिचा शर्मा, अतुल गुसेन, हरसिमर सिंह, गौरव जगपाल, रविन्द्र, आदि विशेष रूप से उपस्थित थे

# शहीदों की याद में रखा दो मिनट का मौन

गाजियाबाद । भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों की याद में आज जिला मुख्यालय में दो मिनट का मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।
बता दें कि हर वर्ष तीस जनवरी को शहीदों की याद में दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें याद किया जाता है।
इसी कड़ी में डीएम दीपक मीणा के नेतृत्व में जिला मुख्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों ने मुख्यालय परिसर में शहीदों की याद में दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें नमन किया।
इस मौके पर एडीएम प्रशासन रणविजय सिंह, एडीएम सिटी गंभीर सिंह, एडीएम फाइनेंस सौरभ भट्ट, एडीएम एलए विवेक मिश्र, एसडीएम सदर अरूण दीक्षित सहित कलेक्ट्रेट के विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारी हैं।

# जिलाधिकारी श्री दीपक मीणा ने किया ईवीएम, वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

गाजियाबाद। जिलाधिकारी श्री दीपक मीणा आईएएस द्वारा ईवीएम, वीवीपैट वेयर हाउस कलेक्ट्रेट, गाजियाबाद का मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा सुरक्षा के मद्देनज़र आवश्यक दिशा—निर्देश दिए गये। उन्होने सम्बंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि सीसीटीवी द्वारा की जा रही निगरानी का पैरामीटर पूर्ण हो एवं निरंतर उनकी जांच करते रहें, नियमानुसार सीसीटीवी का बैकअप सुरक्षित रखा जाएं। उन्होने कहा कि सुरक्षा व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की कोई चूक नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान एडीएम ई श्री रणविजय सिंह, एडीएम एल/ए श्री विवेक कुमार, एडीओ निर्वाचन श्री हरीकिशन शर्मा सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारियों सहित श्री मनोज कुमार व श्री नवीन कुमार बहुजन समाज पार्टी, श्री सुभाष चन्द्र शर्मा भारतीय जनता पार्टी, श्री ताहिर हुसैन समाजवादी पार्टी, श्री राजेन्द्र शर्मा कांग्रेस उपस्थित रहे।

# गौरी शंकर कन्या महाविद्यालय में कुष्ठ रोग निवारण दिवस का आयोजन



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा) ।30 जनवरी 2025 को गौरी शंकर कन्या महाविद्यालय, बुलंदशहर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में महात्मा गांधी के निर्वाण दिवस के अवसर पर कुष्ठ रोग निवारण दिवस मनाया गया। भारत में यह दिवस हर वर्ष 30 जनवरी को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर मनाया जाता है, जिसकी थीम इस वर्ष कुष्ठ रोग को हराना रही। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डी.एन. पी.जी. कॉलेज, गुलावठी की रसायन विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. विनिता गर्ग उपस्थित रहीं, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अंशु बंसल ने की। मुख्य वक्ता, इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. वसुंधरा सक्सेना ने छात्राओं को गांधी जी की नीतियों और सिद्धांतों के बारे में विस्तार से बताते हुए कुष्ठ रोग के कारणों और उनके निवारण पर विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की अध्यक्ष डॉ. अंशु बंसल ने सभी छात्राओं को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के लिए दो मिनट का मौन रखवाया और उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मीना सक्सेना ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

# सिद्धपीठ श्री महाकाली जी के स्थापना वार्षिक महोत्सव पर भक्तमाल कथा का आयोजन



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। सिद्धपीठ श्री महाकाली जी के स्थापना वार्षिक महोत्सव के अवसर पर श्री परम पूज्य रविनंदन शास्त्री जी महाराज द्वारा प्रथम दिवस भक्तमाल कथा का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सैकड़ों भक्तों ने कथा का लाभ उठाया और भक्ति के रस में डूबे। कार्यक्रम के दौरान मंदिर के महंत पंडित शिव शंकर शर्मा, विजय अग्रवाल, रिंकू वर्मा, हनी शर्मा, मोहित पंडित, टीटू गोस्वामी, देवांश शर्मा सहित कई अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। यह आयोजन श्रद्धा और आस्था का प्रतीक था, जिसमें श्रद्धालुओं ने अपने जीवन में भगवान महाकाली की कृपा और आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए कथा सुनी।

# एसएसपी ने किए कई चौकियों के इंचार्ज और दरोगाओं के तबादले

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा) । एसएसपी द्वारा पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल किया गया है, जिसमें एक दर्जन से अधिक दरोगाओं और चार इंस्पेक्टरों के तबादले किए गए हैं। नई जिम्मेदारियों के तहत निरीक्षक रण सिंह को शिकारपुर से डायल 112 का प्रभारी बनाया गया है, वहीं सलीम अहमद को नारकोटिक सेल भेजा गया है। हेमसिंह सैनी को लाईन से समन सेल का प्रभारी और जितेंद्र सक्सेना को गुलावठी से क्राइम ब्रांच में भेजा गया है। इसके अलावा, उपनिरीक्षक पवनदीप शर्मा को भूड़ चौकी का नया इंचार्ज बनाया गया है। गुरु बच्चन सिंह को झाझर चौकी, जितेंद्र कुमार सिंह को जज कंपाउंड चौकी, अमित कुमार को दरियापुर चौकी, और लक्ष्मी सिंह को मोहनकुटी चौकी का नया इंचार्ज नियुक्त किया गया है। खुर्जा कोतवाली से एसएसआई परवेज चौधरी को इसी पद पर सिकंद्राबाद भेजा गया है। यह बदलाव पुलिस प्रशासन के कार्यकुशलता और क्षेत्रीय सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## बुलंदशहर में एसएसपी ने पुलिस महकमे में किया बड़ा फेरबदल, आठ थानों के प्रभारी बदले

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। एसएसपी ने पुलिस महकमे में महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए आठ थानों के प्रभारी बदल दिए हैं। इन परिवर्तनों के तहत डिबाई थाने के निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह राठौड़ को सिटी कोतवाली का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है, जबकि सिटी कोतवाली के प्रभारी अनिल शाही को सिकंद्राबाद का प्रभारी बना दिया गया है। सिकंद्राबाद थाने के प्रभारी रवि रतन को डिबाई थाने का जिम्मा सौंपा गया है। इसके अलावा, विशंभर दयाल को नारकोटिक सेल से अनूपशहर, प्रेमचंद शर्मा को स्याना से कोतवाली देहात, यज्ञदत्त शर्मा को खानपुर से स्याना, धर्मेंद्र सिंह को क्राइम ब्रांच से खानपुर और चंद्रवीर सिंह को सम्मन सैल से जहांगीरपुर का प्रभारी बनाया गया है। एसएसपी ने कोतवाली देहात, अरनिया, जहांगीरपुर और सलेमपुर थानों के प्रभारियों को हटाकर उन्हें विभिन्न शाखाओं में तैनात किया है। शैलेंद्र प्रताप को कोतवाली देहात से क्राइम ब्रांच, पम्मी चौधरी को अरनिया से स्वाट टीम देहात, अमित कुमार को जहांगीरपुर से एसएसआई खुर्जा और अतुल चौहान को सलेमपुर से गुलावठी में अतिरिक्त निरीक्षक के रूप में भेजा गया है। यह बदलाव पुलिस प्रशासन को अधिक सक्षम और प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## दिल्ली की राजनीति हवा और पानी की तरह प्रदूषित है - मनोज तिवारी

नई दिल्ली । दिल्ली में विधानसभा चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज है। इस बीच बीजेपी के सांसद और अभिनेता मनोज तिवारी ने आम आदमी पार्टी (आप) को निशाने पर लिया है। उन्होंने एक निजी मीडिया संस्थान के खास कार्यक्रम शिखर सम्मेलन में कहा, यमुना में झाग कोई नहीं चाहता है। गंदा पानी नहीं चाहता है। दिल्ली के लोगों को पानी खरीदना पड़ता है। हर घर में खरीदना पड़ता है। हर महीने 3000 रुपये खर्च होता है। झुग्गियों में ये मूल समस्या है। नल में नाले का पानी आता है। बहाने नहीं, बदलाव चाहिए। दिल्ली की राजनीति हवा और पानी की तरह प्रदूषित है। मनोज तिवारी ने कहा, हम महिलाओं के खाते में कैश ट्रांसफर करेंगे। महिलाओं को 2500 रुपये देंगे। पहली कैबिनेट में आयुष्मान भारत योजना को मंजूरी देंगे। गरीबों का इलाज होगा....तब जनता कह रही है ए राजा जी... ए राजा जी, एकरे त रहल ह जरूरत, मुहूरत खूबसूरत..। उन्होंने कहा, हरियाणा के लोग क्या यमुना में जहर डालेंगे। ऐसे ये आरोप लगाते हैं। पीएम भी यमुना का पानी पीते हैं। हम सत्ता में आए तो सारे नाले को नदी से अलग कर देंगे। अरविंद केजरीवाल कहते है कि यमुना की सफाई से वोट नहीं मिलता है। मनोज तिवारी ने कहा कि बीजेपी सत्ता में आई तो दिल्ली में जो भी योजना चल रही है, सभी जारी रहेगा। कुछ योजनाएं हर सरकार की ठीक होती है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने पूर्वांचल के लोगों का अपमान किया। सीएम आतिशी को लेकर बीजेपी के नेता रमेश बिधूड़ी के बयान को लेकर मनोज तिवारी ने कहा कि उन्होंने माफी मांग ली है। पूर्वांचल के लोगों को लालची कहा गया है। मनोज तिवारी ने कहा कि बीजेपी का मुख्यमंत्री शीशमहल में नहीं रहेगा। भ्रष्टाचार की इमारत है। वो कोरोना के समय में बना है। उसे जनता के लिए खोलेंगे।

## दिल्ली में जनता चुनाव लड़ रही है, 2025 का रिजल्ट अप्रत्याशित होगा - देवेंद्र यादव

नई दिल्ली । दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पूरे दमखम से मैदान में उतरी है। पिछले दो चुनावों में खाता खोलने में भी नाकामयाब रही पार्टी को इस बार भरोसा है कि वो राष्ट्रीय राजधानी में किंगमेकर बनेगी। एक निजी मीडिया संस्थान के खास कार्यक्रम शिखर सम्मेलन में दिल्ली कांग्रेस के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि दिल्ली में जनता चुनाव लड़ रही है। 2025 का रिजल्ट अप्रत्याशित होगा। उन्होंने कहा, हमारे लिए चुनौती बड़ी है। पिछली बार 4 फीसदी पर सिमट के रह गए। आप के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर है। हम जनता से जुड़ रहे हैं। चुनाव में त्रिकोणीय होगा। 2013 में 28 सीट आप को मिली और कांग्रेस को 8 सीटें मिली। जनता बदलाव चाहती है। 2013 में अप्रत्याशित रिजल्ट था। मैं 2025 में उसी तरह का बदलाव देख रहा हूं, आप कितनी सीट पर आ जाए, कोई भरोसा नहीं है। लोगों का विश्वास हमारे प्रति है। 15 साल में जो हमने काम किए थे, उसे लोग याद कर रहे हैं। आप को समर्थन देना गलती थी- देवेंद्र यादव बादली सीट से विधानसभा चुनाव लड़ रहे देवेंद्र यादव ने कहा कि बीजेपी नेचुरल च्वाइस जनता की नहीं रही है। जनता कांग्रेस को जिताएगी। उन्होंने 2013 के चुनाव के बाद आप को समर्थन दिए जाने पर कहा कि हमने उस समय आप को समर्थन दिया था। ये हमारी गलती थी। सोशल सिक्योरिटी का वादा हमने किया देवेंद्र यादव ने घोषणापत्र में एक तरह के वायदों पर कहा कि शीला दीक्षित पहले से फ्री बिजली दे रही थीं। कांग्रेस हमेशा से सोशल सिक्योरिटी की बात करती रही है। दिल्ली के लोगों का हक है कि उसे साफ पानी मिले। उसको अच्छी सड़कें मिले। प्रदूषण फ्री शहर हो। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली को बर्बाद कर दिया। ओवैसी बीजेपी की बी टीम हैं कांग्रेस-बीजेपी के गठजोड़ के आप के आरोपों पर देवेंद्र यादव ने कहा कि बीजेपी और आप एक जैसी है। एआईएमआईएम को लेकर देवेंद्र यादव ने कहा कि असदुद्दीन ओवैसी बीजेपी की बी टीम का हिस्सा हैं। वो बीजेपी को फायदा पहुंचाना चाहते हैं।

## ऐतिहासिक बदलाव के लिए चुनें काम करने वाली सरकार, राघव चड्ढा की रोहतास नगर के लोगों से अपील



नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने रोहतास नगर विधानसभा क्षेत्र में आप प्रत्याशी सरिता सिंह के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने सबसे पहले प्रयागराज महाकुंभ दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में जान गंवाने वाले मृतकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए दो मिनट का मौन सभी से रखने की अपील की। उसके बाद राघव चड्ढा ने कहा कि इस बार का चुनाव रोहतास नगर की जनता के लिए सिर्फ राजनीतिक लड़ाई नहीं है, बल्कि एक ऐतिहासिक बदलाव लाने का मौका है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे यह तय करें कि पिछले 5 सालों में विकास के मामले में कौन सा प्रतिनिधि उनके हित में खड़ा रहा। जनता को तय करना होगा कि उनके लिए जनहित में काम करने वाली आम आदमी पार्टी की सरकार है या सभी को भ्रम में रखने वाली बीजेपी। आप सांसद राघव चड्ढा ने कहा,रोहतास नगर ने पहले भी आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी सरिता सिंह को अपना विधायक चुना था और काम करके दिखाया था। पिछले 5 साल में मौजूदा विधायक ने कैसा काम किया यह सभी देख चुके हैं। अब यह निर्णय आपको लेना है कि कौन बेहतर विधायक था और किसकी सरकार में आपके क्षेत्र का विकास हुआ। आप सांसद ने आगे कहा कि ये सरकार का दायित्व बनता है, जो टैक्स आप सरकार के खाते में जमा कराते हो, उसके बदले में आपको सुविधाएं दे। राघव चड्ढा ने कहा कि बीजेपी और अन्य पार्टियां आम आदमी पार्टी के कल्याणकारी मॉडल को %फ्रीबी% बताकर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही हैं। आप सरकार ने सभी को दी बुनियादी सुविधाएं राघव चड्ढा ने सवाल किया, अगर अरविंद केजरीवाल सरकार में नहीं आते, तो क्या दिल्ली के लोगों को मुफ्त बिजली, महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा, अच्छी शिक्षा और अन्य योजनाओं का लाभ मिलता? आम आदमी पार्टी की सरकार न केवल जनता को बुनियादी सुविधाएं दे रही है, बल्कि दिल्ली को देश का सबसे विकसित शहर बनाने के लिए भी काम कर रही है। काम के दम पर आगामी दिल्ली विधानसभा चुनावों में 62 से भी अधिक सीटें जीतकर आम आदमी पार्टी चौथी बार सरकार बनाएगी। सिर्फ वादा करने वाली सरकार न चुनें उन्होंने बीजेपी पर तंज कसते हुए जनता से अपील की कि वे अपने भविष्य और अपने बच्चों के उज्ज्वल कल के लिए एक ऐसी सरकार चुनें, जो उनके लिए काम करे, न कि सिर्फ वादे करे। दिल्ली के लोगों को एक बार फिर सोच-समझकर फैसला लेना होगा कि वे विकास चाहते हैं या फिर पुराने ढर्रे पर चलने वाली सरकार।

## मुफ़्त पानी, बिजली, बस यात्रा रहेगी जारी, 2500 रुपये पाएगी नारी - अनुराग





नई दिल्ली । पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने बुधवार को चाँदनी चौक विधानसभा के अन्तर्गत मजनूं का टीला में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनने पर मौजूदा योजनाओं को बिना बंद किए और बेहतर, प्रभावी और सुगम तरीक़े से लागू कर जनता को लाभ पहुँचाया जायेगा।

श्री ठाकुर ने कहा, श्री अरविंद केजरीवाल और उनकी आम आदमी पार्टी ने जनता से सिर्फ़ झूठ ही बोला है और दिल्ली को लूटा है। श्री केजरीवाल ने दिल्ली को उसके हक़ से वंचित रखा है। इसलिए दिल्ली में भाजपा सरकार बनने पर महिला समृद्धि योजना के तहत महिलाओं को 2500 रुपये प्रतिमाह दिए जाएँगे। इसके अलावा हम मुख्यमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के अन्तर्गत गर्भवती महिलाओं को 21,000 रुपये की आर्थिक सहायता और छह पोषण किट की सहायता उपलब्ध करायेंगे। ऑटो और टैक्सी चालकों के लिए ऑटो ड्राइवर कल्याण बोर्ड का गठन करने के साथ ही भाजपा उन्हें 10 लाख तक का जीवन बीमा और पांच लाख तक का दुर्घटना बीमा देगी और उनके बच्चों को छात्रवृत्ति भी देगी। उन्होंने कहा कि सरकार बनने पर जरूरतमंद छात्रों को सरकारी संस्थानों में केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा दी जाएगी। साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 15,000 रुपये की एकमुश्त सहायता, आवेदन शुल्क एवं यात्रा की लागत के लिए दो बार की प्रतिपूर्ति भी की जाएगी। पांच सौ रुपये में गैस सिलेंडर और होली-दिवाली पर मुफ्त गैस सिलेंडर देने के साथ साथ अटल कैंटीन योजना के तहत झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले लोगों के लिए पांच रुपये में पौष्टिक भोजन भी देने का काम भाजपा सरकार करेगी। भाजपा सांसद ने कहा, मुफ़्त पानी, बिजली, बस यात्रा रहेगी जारी, 2500 रुपये पाएगी नारी के माध्यम से हम महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण दिशा में प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपना संकल्प पत्र महिलाओं, गरीब, युवा, झुग्गियों व्यापारियों से चर्चा कर तैयार किया है।

केजरीवाल सिर्फ़ हवाई वादे करते हैं, लेकिन पूरे नहीं करते हैं और फिर एक झूठ के पुलिंदे के साथ आते हैं। भाजपा की संस्कृति जो कहते हैं वो करते हैं। आप पार्टी वादे कर भूल जाती है।

## बदरपुर विधानसभा में माकपा का नुक्कड़ नाटक/जनसंपर्क के माध्यम से पार्टी प्रत्याशी जगदीश चंद्र को विजई बनाने की अपील- गंगेश्वर दत्त शर्मा

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



नई दिल्ली। आज बदरपुर विधानसभा क्षेत्र में कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के उम्मीदवार कॉमरेड जगदीश चंद के समर्थन में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनसभा आयोजित की गई। इस अभियान में सीपीआई (एम) के कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस नुक्कड़ नाटक के दौरान सीधा संवाद किया गया और उन समस्याओं पर चर्चा की गई जो आम जनता के लिए रोज़ाना की चुनौतियों का रूप ले चुकी हैं। नुक्कड़ नाटक में महंगाई, बेरोज़गारी, शिक्षा और स्वास्थ्य की स्थिति, और समाज में समानता की आवश्यकता पर जोर दिया गया। ये मुद्दे केवल सरकारों की नहीं, बल्कि हर एक नागरिक के लिए महत्वपूर्ण हैं। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी का मानना है कि समाज के हर वर्ग - चाहे वह मजदूर हो, किसान हो, या गरीब हो - को अधिकार और समान अवसर मिलना चाहिए। हम चाहते हैं कि सरकारी नीतियाँ जनहित के पक्ष में हों, ताकि हर व्यक्ति को बेहतर जीवन जीने का अवसर मिले। नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए सीपीआई(एम) नेता गंगेश्वर दत्त शर्मा ने कॉमरेड जगदीश चंद को वोट देने की अपील किया। क्योंकि वो इन समस्याओं को समझते हैं और इन्हें सुलझाने का दृढ़ संकल्प रखते हैं। सीपीआई एम नेता कामरेड सुनंद ने 5 फरवरी को माकपा प्रत्याशी कॉमरेड जगदीश चंद शर्मा को चुनाव चिन्ह हसिया, हथोड़ा, सितारा, बैलेट नंबर 2 पर वोट डालकर अपने इलाके के लिए सही नेतृत्व चुनने की अपील किया।

प्रचार अभियान का नेतृत्व सीपीआई (एम) नेता कामरेड कविता शर्मा, पीवी अनियन, आशा यादव, मलखान सैफी, राम स्वारथ, रीना, सुरेश मिश्रा, गंगेश्वर दत्त शर्मा, सुबीर बनर्जी, सफीक, आनंद, सोनिया वर्मा आदि ने किया। नुक्कड़ नाटक जन नाट्य मंच दिल्ली के कलाकारों ने किए।

## गालगोटियास यूनिवर्सिटी ने यूनाइटेड अरब अमीरात यूनिवर्सिटी ( UAEU ) के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

ग्रेटर नोएडा - गालगोटियास यूनिवर्सिटी ने आज यूनाइटेड अरब अमीरात यूनिवर्सिटी (UAEU) के प्रतिष्ठित प्रतिनिधियों का स्वागत किया, जो वैश्विक अकादमिक उत्कृष्टता की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। इस साझेदारी का उद्देश्य दोनों विश्वविद्यालयों के बीच अकादमिक सहयोग, अनुसंधान नवाचार और वैश्विक जुड़ाव को मजबूत करना है। UAEU के सीनियर रिसर्च इम्पैक्ट और रैंकिंग स्पेशलिस्ट तथा एसोसिएट प्रोवोस्ट (रिसर्च) डॉ. सैफुद्दीन अहमद कबीर और यूएईयू में यूनिवर्सिटी आउटरिच की निदेशक मिस गालिया अलहबाबी ने गालगोटियास यूनिवर्सिटी के नेतृत्व के साथ सार्थक विचार-विमर्श किया। इन चर्चाओं का मुख्य फोकस अकादमिक सहयोग, अनुसंधान प्रभाव और वैश्विक साझेदारियों पर था। इसके अतिरिक्त, दोनों विश्वविद्यालयों ने संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं, प्रौद्योगिकी नवाचारों और छात्रों के लिए उन्नत शैक्षिक अवसरों को बढ़ावा देने पर सहमति व्यक्त की। UAEU प्रतिनिधिमंडल ने गालगोटियास यूनिवर्सिटी की अद्वितीय और अत्याधुनिक रूपांतरण के लिए CEO डॉ. ध्रुव गालगोटिया की दूरदर्शी नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने विश्वविद्यालय की प्रभावशाली रैंकिंग की सराहना की, जिसमें Times Higher Education World University Ranking 2025 में भारत में 45वीं रैंक और QS World University Rankings 2025 में एशिया में 621-640वीं रैंक और दक्षिण एशिया में 187वीं रैंक शामिल है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने विश्वविद्यालय की अनुसंधान क्षमताओं, अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं और उद्योग-अकादमिक सहयोग की सराहना की। UAEU प्रतिनिधिमंडल विशेष रूप से G-SCALE (गालगोटियास स्टूडेंट्स-सेंटरड एक्टिव लर्निंग इकोसिस्टम) से प्रभावित हुआ, जो एक अभिनव मॉडल है जो सहयोगात्मक शिक्षा, उद्योग-आधारित अनुसंधान और वैश्विक अकादमिक साझेदारियों को एकीकृत करता है। यह पहल छात्रों को अनुभवात्मक शिक्षा, अंतरराष्ट्रीय इंटर्नशिप और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी नवाचारों से परिचित कराएगी। यह साझेदारी संयुक्त अनुसंधान पहलों, फैकल्टी एक्सचेंज प्रोग्राम और छात्र मूविलिटी प्रोग्राम के लिए रास्ते खोलेगी, जो गालगोटियास यूनिवर्सिटी की वैश्विक उपस्थिति को और मजबूत करेगा। इसके अतिरिक्त, दोनों संस्थान संयुक्त रूप से नए पाठ्यक्रम और अंतरविभागीय अनुसंधान प्रयासों के विकास पर काम करेंगे। इस अवसर पर, चांसलर सुनील गलगोटिया ने कहा, यह साझेदारी हमारे छात्रों और फैकल्टी के लिए नए अवसर खोलेगी, जिससे हम वैश्विक मंच पर उच्च शिक्षा के नेता के रूप में स्थापित होंगे। CEO डॉ. ध्रुव गलगोटिया ने कहा, हमारा उद्देश्य अपने छात्रों और फैकल्टी को विश्व स्तरीय अवसर प्रदान करना है। यह साझेदारी केवल अनुसंधान और शिक्षा में नए मानदंड स्थापित नहीं करेगी, बल्कि हमारे छात्रों को वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी बनाने में भी मदद करेगी। हम यूएई यूनिवर्सिटी के साथ इस सहयोग को लेकर बेहद उत्साहित हैं और भविष्य में और अधिक नवाचारों और प्रगति की ओर अग्रसर हैं।

## आप का दिल्लीवासियों को पानी देने वाला वादा सिर्फ फाइलों में -कैलाश गहलोत

नई दिल्ली । बिजवासन सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार कैलाश गहलोत ने जल संकट को लेकर आम आदमी पार्टी की सरकार पर जुबानी हमला बोला है। गहलोत ने आरोप लगाया है कि आप के राज में दिल्लीवासियों को पानी देने का वादा सिर्फ पेपर और फाइलों में दब कर रह गया है। कैलाश गहलोत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए एक वीडियो दिखाया, जिसमें उन्होंने आप सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि सरकार ने नया एडवेंचर किया है, जिसमें पाइप घर के ऊपर से जा रही है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद एक मीडिया संस्थान से बात करते हुए उन्होंने कहा, 10 साल में दिल्ली की आप सरकार ने नया मॉडल निकाला है।

हमने सुना है कि पानी की लाइन सड़क के नीचे होती हैं, लेकिन उनके नए मॉडल के अनुसार पानी की पाइपें खंभों पर चल रही हैं। पाइपों का पूरा गुच्छा बना हुआ है। वीडियो में मैंने हजारों पाइप दिखाए। उन्होंने कहा, दिल्ली में सबसे बड़ी समस्या पीने के पानी की है और उसके बाद गंदे पानी के निकासी की है। नरेला, बावन, मुंडका और नजफगढ़ में आज भी कुछ इलाके ऐसे हैं, जहां पर सप्ताह में एक ही दिन पानी आता है, वो भी आधे घंटे के लिए। अगर उस दिन कोई बिजली चली जाए या कोई दिक्कत हो जाए, तो लोगों को पूरे सप्ताह इंतजार करना होता है। आम आदमी पार्टी पूरी तरह से दिल्ली वालों को पानी देने में फेल साबित हुई है। उन्होंने हर घर जल पहुंचाने का जो वादा किया था, वो सिर्फ पेपरों और फाइलों में रह गया है। हरियाणा से आने वाले पानी में जहर होने वाले केजरीवाल के बयान पर गहलोत ने कहा, हम सभी वह पानी पी रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी भी वो पानी पी रहे हैं। खुद अरविंद केजरीवाल भी वही पानी पी रहे हैं और हम लोग तो बिल्कुल स्वस्थ हैं।

मेरे हिसाब से इस तरह का स्टेटमेंट देना बिल्कुल गलत है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों के लिए एक ही चरण में 5 फरवरी को मतदान है। वहीं, मतगणना 8 फरवरी को होगी।

## यमुना में जहर के दावे पर दिल्ली और हरियाणा के लोगों से माफी मांगे केजरीवाल- नड्डा

नई दिल्ली । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने बृहस्पतिवार को कहा कि यमुना में प्रदूषण के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी (आप) के आरोप-प्रत्यारोप ने राष्ट्रीय राजधानी की सरकार की अक्षमता को उजागर कर दिया है। उन्होंने मांग की कि आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को यमुना में जहर मिलाने वाली अपनी टिप्पणी के लिए हरियाणा और दिल्ली के लोगों से माफी मांगनी चाहिए। नड्डा ने एक्स पर इंफोइनडेटा के एक इन्फोग्राफिक को भी टैग किया, जिसमें दावा किया गया है कि यमुना के दिल्ली में प्रवेश करते ही प्रदूषण बढ़ जाता है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, यमुना में प्रदूषण को लेकर आप-दा के आरोप-प्रत्यारोप ने इसकी अक्षमता और इसके विफल शासन को उजागर कर दिया है। उन्होंने कहा, जिम्मेदारी लेने की बजाय आप-दा सरकार ने राजनीतिक लाभ के लिए लोगों में डर फैलाना शुरू कर दिया है।

अरविंद केजरीवाल को अपने बयान के लिए हरियाणा और दिल्ली की जनता से माफी मांगनी चाहिए। नड्डा ने आरोप लगाया कि केजरीवाल सरकार ने पिछले 10 साल से अधिक समय में भ्रष्टाचार, झूठ और खोखले वादों के अलावा कुछ नहीं किया है। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार से 8,500 करोड़ रुपये प्राप्त होने के बावजूद, नदी को साफ करने के लिए कोई सार्थक काम नहीं किया गया। एक्स पर इन्फोइनडेटा हैंडल के उपलब्ध विवरण के अनुसार, उपयोगकर्ता मई 2023 में माइक्रोब्लॉगिंग साइट से जुड़ा और बृहस्पतिवार दोपहर यानी इस रिपोर्ट के लिखे जाने तक उसके 1,914 फॉलोअर्स थे।

# राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल को पुलिस ने हिरासत में लिया







नई दिल्ली ।दिल्ली पुलिस ने राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल को हिरासत में ले लिया। वो आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के घर के बाहर कूड़ा डालकर विरोध प्रदर्शन कर रही थीं। गुरुवार (30 जनवरी) को स्वाति मालीवाल एक गाड़ी में कूड़ा भड़कर अरविंद केजरीवाल के आवास के बाहर पहुंचीं।

यहां उन्होंने गाड़ी खड़ी की और कूड़ा डालना शुरू कर दिया। उनके समर्थकों ने हाथ में तख्तियां पकड़ी हुई थीं जिस पर दिल्ली से कूड़ा हटाओ जैसे नारे लिखे थे। स्वाति मालीवाल दिल्ली की सरकार पर हमला बोलती रही हैं। उन्होंने अरविंद केजरीवाल के पूर्व सहायक विभव कुमार आरोप लगाए थे। पार्टी से उनकी नाराजगी बढ़ गई। विभव कुमार को कोर्ट से जमानत मिल चुकी है।

राज्यसभा सांसद ने आरोप लगाया कि दिल्ली कूड़े का ढेर बन चुका है। अरविंद केजरीवाल के आवास पर पहुंचने से पहले उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल पर कई पोस्ट भी किए थे। इसमें कूड़े से भरी गाड़ियां देखी जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि वो डरने वाली नहीं हैं। उन्होंने तीन गाड़ियों में कूड़ा भरा था और आप के राष्ट्रीय संयोजक के आवास के बाहर फेंकने पहुंची थीं। मीडिया के कैमरों के सामने उन्होंने कूड़ा डालना शुरू किया। कुछ देर बाद ही पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। बता दें कि दिल्ली में 5 फरवरी को विधानसभा चुनाव होने हैं। इससे पहले राजधानी का सियासी पारा बढ़ा हुआ है। विरोधी आम आदमी पार्टी हमलावर हैं। वहीं आप का दावा है कि दिल्ली की जनता एक बार फिर उन पर भरोसा जताएगी।

दिल्ली में मुख्य मुकाबले में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी, बीजेपी और कांग्रेस है। पिछले विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने 62 सीटों पर जीत हासिल की थी।

बीजेपी ने आठ सीटों पर कामयाबी हासिल की थी। कांग्रेस अपना खाता नहीं खोल सकी थी।

## कांग्रेस किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एसपी भारद्वाज आप में शामिल



नई दिल्ली । दिल्ली विधानसभा चुनाव से कुछ दिन पहले गुरुवार (30 जनवरी) को कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस के किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एसपी भारद्वाज आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने पार्टी मुख्यालय पर एसपी भारद्वाज को पटका पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस दौरान संजय सिंह ने कहा, आज बहुत खुशी का दिन है कि आम आदमी पार्टी में कांग्रेस के किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एसपी भारद्वाज शामिल हो रहे हैं। यह कांग्रेस से पहले बीजेपी के कई पदों पर भी रह चुके हैं। इस बार इन्होंने दिल्ली विधानसभा का चुनाव लड़ने के लिए नजफगढ़ से पर्चा भी भरा था लेकिन इन्होंने आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी तरुण यादव के समर्थन में अपना पर्चा वापस ले लिया। मैं उनका आम आदमी पार्टी में स्वागत करता हूं। नजफगढ़ में आप को मिलेगी मजबूती आप सांसद ने ये भी कहा कि एसपी भारद्वाज ने फैसला लिया है कि वह अरविंद केजरीवाल की नीतियों से प्रभावित होकर आम आदमी पार्टी के लिए काम करेंगे और नजफगढ़ और आस पास के इलाकों में पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे। अरविंद केजरीवाल के काम से हुअ प्रभावित वहीं आम आदमी पार्टी में शामिल होने के बाद एसपी भारद्वाज ने कहा, मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि मैं 12 साल बाद अपने परिवार में वापसी कर रहा हूं। अरविंद केजरीवाल जिस तरह से दिल्ली के लोगों की सेवा कर रहे हैं और दिल्ली की तरक्की के लिए काम कर रहे हैं, मैं उससे प्रभावित होकर आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहा हूं। मैं पूरी तत्परता के साथ पार्टी और लोगों की भलाई के लिए काम करूंगा।

# 05 फरवरी को गलत बटन दबा दिया तो चली जाएगी बिजली - अखिलेश यादव





नई दिल्ली । अरविंद केजरीवाल और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के रोड शो में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। यह जनसभा दिल्ली की किराड़ी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित की गई। इस दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने मुझे आपसे मिलने का मौका दिया, जिसके लिए मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने आगे कहा कि इस बार आम आदमी पार्टी अपनी झाड़ू से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की बेईमानी का सफाया करेगी। झाड़ू का बटन दबाने कि की अपील वहीं अखिलेश यादव ने कहा कि जिस तरह से आप ने शिक्षा-स्वास्थ्य और बिजली-पानी के क्षेत्र में काम किया है, उसे पूरी दुनिया स्टडी करना चाहती है। बीजेपी को हराने के लिए आपको एक-एक वोट झाड़ू पर डालना होगी। अगर आप लोगों ने 5 फरवरी को गलत बटन दबा दिया तो आपकी बिजली चली जाएगी और हजारों में बिल आने लगेगा। अगर आपको लोगों को फ्री बिजली-पानी और शानदार सरकारी स्कूल और अस्पताल को बचाने है तो 5 फरवरी (वोटिंग के दिन) को केवल झाड़ू का ही बटन दबाएं। दिल्ली में एक बार फिर बनने जा रही आप की सरकार समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने आगे कहा कि इस बार दिल्ली में बीजेपी सभी 70 सीटें हार सकती है। मैं कह सकता हूं कि दिल्ली में एक बार फिर आप की सरकार बनेगी। आप का सुशासन भाजपा के कुशासन को हराएगा।

आप के सभी काम ऐतिहासिक हैं। आप द्वारा लिए गए सभी फैसले दिल्ली के गरीब और आम लोगों को फायदा पहुंचा रहे हैं। दिल्ली की जनता जानती है कि आप रहेगी तो उन्हें सारी सुविधाएं मिलती रहेंगी। दिल्ली में एक बार फिर आप की सरकार बनने जा रही है।



जिला युवा अधिकारी, नेहरू युवा केन्द्र बुलन्दशहर द्वारा प्रसारित
भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय युवा कार्यक्रम विभाग
राष्ट्रीय युवा कोर
राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक के लिए आमंत्रण

भारत सरकार के डिजिटल कृषि मिशन को क्रियान्वित करने तथा उन्हें स्वयंसेवी समूहों में संगठित करके राष्ट्र निर्माण गतिविधियों के लिए उनकी ऊर्जा एवं सामर्थ्य को सुदृढ़ करने में सहयोग करने हेतु युवाओं की सहभागिता करना चाहते है। आपको स्वास्थ्य, शिक्षा, सफाई, लिंग भेद, अन्य सामाजिक विषयों पर आधारित अभियानों/जागरूकता कार्यक्रमों में प्रमुख भूमिका निभाने के लिए और विविध कार्यक्रमों के कार्यान्वयन अथवा आपातकाल में आवश्यकता पड़ने पर प्रशासन में सहयोग करने के लिए कहा जा सकता है।

योग्यता:
i शिक्षा- न्यूनतम शिक्षा कम से कम स्नातक की शिक्षा प्राप्त कर रहे हों या स्नातक या स्नातकोत्तर
ii आयु- दिनांक 01 जनवरी 2025 को 18 से 29 वर्ष

मानदेय :
रु. 5000/- प्रतिमाह की दर से मानदेय दिया जाएगा।

अवधि:
अधिकतम तीन माह तथा न्यूनतम 15 दिन के लिए। यह न तो कोई वेतनभोगी रोजगार है और न ही इससे स्वयंसेवक विधिक रूप से सरकार से किसी प्रकार के रोजगार का दावा करने का अधिकारी नहीं होगा।

आवेदन कैसे करें:
विभाग की वेबसाइट देखें: nyks.nic.in पर योजना का विवरण, आवेदन प्रपत्र दिया गया है तथा अधोलिखित अधिकारी के पास 8 फ़रवरी 2025 तक आवेदन करें।

कार्यालय: जिला युवा अधिकारी,
नेहरू युवा केन्द्र बुलन्दशहर
जिला:बुलन्दशहर
डाक का पता:141 हरि एन्क्लेव चांदपुर रोड बुलन्दशहर, (उत्तर प्रदेश) पिनकोड:203001

(आकर्ष दीक्षित)
जिला युवा अधिकारी
नेहरू युवा केन्द्र बुलन्दशहर
Tel. 05732-297872
Email: nykbulandshahar@gmail.com
Mobile no. 8218881336,9759769097

# भगवंत मान ने भाजपा पर साधा निशाना, आप की झाड़ू से भाजपा की बेईमानी का सफाया होगा





नई दिल्ली । दिल्ली विधानसभा चुनाव के प्रचार में आम आदमी पार्टी (आप) के स्टार प्रचारक और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान सक्रिय रूप से जनसभाएं और रैलियां कर रहे हैं। वह खासकर पंजाबी और जाट बाहुल्य इलाकों में प्रचार कर रहे हैं, जहां वह आम आदमी पार्टी की उपलब्धियों और कामों को जनता तक पहुंचा रहे हैं। इस कड़ी में गुरुवार को भगवंत मान तुगलकाबाद विधानसभा क्षेत्र में पार्टी के प्रत्याशी सहीराम पहलवान के लिए चुनाव प्रचार करने पहुंचे। मंच पर पहुंचने के बाद भगवंत मान ने जनसभा में मौजूद सभी लोगों का धन्यवाद किया और कहा कि आज जो मैं आपसे बात करूंगा। वह सीधे आपके चूल्हे से जुड़ी हुई होगी। उन्होंने आगे कहा कि 5 फरवरी को दिल्लीवाले अपने अगले 5 साल के लिए अपनी किस्मत लिखेंगे। भगवंत मान ने यह भी कहा कि यह चुनाव दो पार्टियों के बीच है, जिनमें एक पार्टी लड़ाई वाली है और दूसरी पढ़ाई वाली है। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि एक तरफ गाली देने वाले हैं तो दूसरी तरफ अस्पताल बनाने वाले हैं। महिलाओं को हर महीने 2, 100 रुपये दिए जाएंगे भगवंत मान ने महिलाओं के लिए अरविंद केजरीवाल की घोषणा का समर्थन करते हुए कहा कि जब केजरीवाल यह घोषणा करते हैं कि महिलाओं को हर महीने 2,100 रुपये दिए जाएंगे, तो भाजपा वाले मोदी से पूछते हैं कि अब क्या करें। इसके बाद भाजपा ने 2,500 रुपये देने का वादा किया, लेकिन जब आम आदमी पार्टी कोई घोषणा करती है तो भाजपा उस पर सवाल उठाती है, जबकि भाजपा अपनी घोषणाओं पर कोई सवाल नहीं उठाती। भगवंत मान ने यह भी कहा कि वह थोड़े देर से पहुंचे हैं, लेकिन हम हमेशा नियमों का पालन करने वाले लोग हैं। इसलिए वह ज्यादा समय नहीं लेंगे, क्योंकि उन्हें कई अन्य सभाओं में भी जाना है। सहीराम पहलवान को जीत दिलाने में करें मदद उन्होंने तुगलकाबाद विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं से अपील की कि वे सही कैंडिडेट पर मुहर लगाएं और सहीराम पहलवान को जीत दिलाने में मदद करे। इस दौरान तुगलकाबाद से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी सहीराम पहलवान ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री थोड़े देर से पहुंचे थे, जिसके कारण उनके पास समय कम था, लेकिन जो भी उन्होंने कहा वह पूरी तरह से सही था। सहीराम ने दावा किया कि इस बार तुगलकाबाद विधानसभा से आम आदमी पार्टी की जीत तय है।

# गुजरात 30 अप्रैल तक सभी कमिश्नरेट में नए आपराधिक कानूनों का शत-प्रतिशत कार्यान्वयन सुनिश्चित करे - अमित शाह







नई दिल्ली । केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को नई दिल्ली में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल की उपस्थिति में राज्य में तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान शाह ने गुजरात सरकार को 30 अप्रैल तक सभी कमिश्नरेट में नए आपराधिक कानूनों का शत-प्रतिशत कार्यान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में चर्चा के दौरान केन्द्रीय गृह मंत्री शाह ने गुजरात सरकार द्वारा नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन को लेकर अब तक किए गए कार्यों की सराहना करते हुए राज्य सरकार से 30 अप्रैल 2025 तक सभी कमिश्नरेट में नए कानूनों का शत-प्रतिशत कार्यान्वयन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि गुजरात के मुख्यमंत्री से इसकी मासिक, राज्य के गृह मंत्री पाक्षिक और मुख्य सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) एवं महानिदेशक पुलिस स्तर पर साप्ताहिक समीक्षा की जानी चाहिए। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि गुजरात ने 10 वर्ष से अधिक सजा वाले मामलों में 92 प्रतिशत से अधिक चार्जशीट समय पर दाखिल करने का सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि बचे हुए मामलों में अधिनियम में कोर्ट से अनुमति लेने के प्रावधान के उपयोग को सुनिश्चित करने की समीक्षा की जानी चाहिए। गुजरात ने जीरो एफआईआर को शत-प्रतिशत एफआईआर में बदलने का प्रशंसनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्था की जानी चाहिए जिसमें अपराध एवं अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क एवं सिस्टम (सीसीटीएनएस) के जरिए दो राज्यों के बीच एफआईआर ट्रांसफर किया जा सके। गुजरात को सीसीटीएनएस 2.0 को अपनाना चाहिए। नए कानूनों में इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य के प्रावधान पर शाह ने कहा कि इसके उचित क्रियान्वयन के लिए राज्य के गृह एवं स्वास्थ्य विभाग को बैठक कर अस्पतालों से पोस्टमार्टम और अन्य मेडिकल रिपोर्ट इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्राप्त करने पर जोर देना चाहिए। उन्होंने जेलों, सरकारी अस्पतालों, बैंक, फोरेंसिक साइंस लैबोरेटरी (एफएसएल) इत्यादि परिसरों में भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए साक्ष्य दर्ज करने की व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जेलों में हर न्यायालय के लिए एक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग क्यूबिकल होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिस को पूछताछ के लिए हिरासत में रखे गए लोगों की जानकारी इलेक्ट्रॉनिक डैशबोर्ड पर प्रदान करनी चाहिए। साथ ही जब्ती सूची और अदालतों में भेजे जाने वाले मामलों की जानकारी भी डैशबोर्ड पर रखनी चाहिए। उन्होंने राज्य के पुलिस महानिदेशक को इन मामलों की निरंतर मॉनिटरिंग का भी निर्देश दिया। उन्होंने पुलिस थानों में नेटवर्क कनेक्टिविटी स्पीड को निर्धारित मानकों से 30 एमबीपीएस अधिक करने को कहा।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को परिपत्र जारी कर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि संगठित अपराध, आतंकवाद, मॉब लिन्चिंग के प्रावधानों का दुरुपयोग न हो। इसके लिए उच्च स्तर से अनुमति के सख्त प्रावधान किये जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में ट्रायल इन एबसेंसिया का प्रावधान किया गया है जिसके तहत भगोड़े अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मामलों में लंबे समय से देश से फरार आरोपित भगोड़ों के खिलाफ ट्रायल इन एबसेंसिया की शुरुआत की जानी चाहिए। गृह मंत्री ने हर जिले में दो से अधिक फॉरेंसिक साइंस मोबाइल वैन्स की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रयास करना चाहिए जिससे मोबाइल फोरेंसिक वैन्स में काम में आने वाली सभी 12 किट्स भारत में ही निर्मित हो। शाह ने कहा कि गुजरात द्वारा फोरेंसिक क्राइम मैनेजर की पहल को अन्य राज्यों को भी अपनाना चाहिए। साथ ही लंबित फोरेंसिक मामलों को अभियान चला कर खत्म करना चाहिए। उन्होंने फॉरेंसिक विशेषज्ञों की भर्ती पर जोर देते हुए फॉरेन्सिक विभाग में खाली पदों पर भर्ती शीघ्र सुनिश्चित करने को कहा। गृह मंत्री शाह ने कहा कि गुजरात उच्च न्यायालय ने 22 जनवरी को सभी अधीनस्थ न्यायालयों को ई-प्रोसेसेज जारी करने के निर्देश जारी किए हैं, जो एक अच्छी पहल है। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों में भी इसके लिए प्रयास किए जाने चाहिए। शाह ने डायरेक्टरेट ऑफ प्रॉसिक्यूशन में खाली पदों पर जल्द से जल्द भर्ती सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में न्यायिक अधिकारियों को भी जोड़ा जाना चाहिए और ज्यूडिशियल अकैडमी से समन्वय कर प्रशिक्षण आयोजित किये जाने चाहिए। बैठक में पुलिस, जेल, कोर्ट, अभियोजन और फॉरेन्सिक से संबंधित विभिन्न नए प्रावधानों के गुजरात में कार्यान्वयन और वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में गुजरात के गृह राज्य मंत्री, केन्द्रीय गृह सचिव, गुजरात के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक, राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के महानिदेशक और केन्द्रीय गृह मंत्रालय एवं राज्य सरकार के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# सर्वदलीय बैठक सार्थक रही - रिजिजू



नई दिल्ली । संसद के बजट सत्र से पहले आज यानी गुरुवार को नई दिल्ली स्थित संसद भवन में सर्वदलीय बैठक संपन्न हुई है. मीटिंग में 36 पार्टियों के 52 नेता शामिल हुए. यह ऑल पार्टी मीटिंग केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई, जिसमें किरेन रिजिजू, जेपी नड्डा, अर्जुन राम मेघवाल और एल मुरुगन शामिल हुए. बैठक में कांग्रेस की ओर से जयराम रमेश, के सुरेश और गौरव गोगोई वहीं टीएमसी से सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय और डेरेक ओ ब्रायन समेत विभिन्न सियासी दलों के नेता मौजूद रहे. बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने अहम जानकारी दी. उन्होंने कहा, 'सर्वदलीय बैठक रचनात्मक रही, जिसमें 36 पार्टियों के 52 नेता शामिल हुए. मीटिंग के दौरान अलग-अलग दलों के नेताओं ने अपने विचार रखे. हमने उनकी चिंताओं पर ध्यान दिया है. सार्थक संसदीय सत्र के लिए सभी दलों के सहयोग की जरूरत है.' उन्होंने आगे कहा, 'विपक्ष ने महाकुंभ भगदड़ हादसे पर संसद में चर्चा की मांग की है. इस पर और अन्य मुद्दों पर निर्णय बिजनेस एडवाइजरी कमिटी करेगी. 31 जनवरी से संसद का बजट सत्र शुरू हो रहा है. यह 4 अप्रैल 2025 को समाप्त होगा. बजट 1 फरवरी को पेश किया जाएगा. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 31 जनवरी को ज्वाइंट पार्लियामेंट सेंशन को संबोधित करेंगी. ऐसे में बजट सत्र में विपक्ष आर्थिक मंदी, महंगाई, किसानों की परेशानी, एमएसपी और बेरोजगारी सहित कई मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने की तैयारी में है. बीजेडी सांसद सस्मित पात्रा ने कहा कि वे बजट सत्र में ओडिशा के लिए स्पेशल कैटेगरी स्टेटस के मुद्दे को मजबूती से उठाएगी.

## संक्षिप्त समाचार

### केवाईसी ना होने से उपभोक्ता परेशान

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

देवबंद। राशनकार्ड धारकों के केवाईसी किये जाने पर बडी संख्या में स्त्री पुरुषों का अंगूठा उंगली निशान नही आरहा है। अंतिम तिथि 31 जनवरी होने के चलते इन लोगों मे भारी बेचैनी है। राशन उपभोक्ता कमलेश शर्मा ने बताया कि उनका अंगूठा और उंगलियो के निशान नही आरहे है। वह डिपु वालो के कहने पर वह अपना आधार अपडेट कराने बैंक और पोस्टआफिस भी गई मगर उनका निशान तथा आंखो की पुतली भी नही आई। पोस्ट आफिस वालों ने बताया कि उनकी आंखे बनी है इस लिए नही आयेगी। ऐसी स्थिति में श्रीमति कमलेश करे तो क्या करें? इसका समाधान कैसे होगा, ऐसे उपभोक्ता भी बडी संख्या मे होंगे।

### गन्ना मूल्य भुगतान मे त्रिवेणी प्रदेश मे प्रथम



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

देवबंद। त्रिवेणी शुगर मिल बिना किसी विलम्ब के नियमानुसार किसानों को गन्ना मूल्य का भुगतान गन्ना समिति के माध्यम से करती आरहा है। इसी लिए त्रिवेणी शुगर मिल प्रदेश मे प्रथम स्थान पर रही है। उक्त जानकारी त्रिवेणी शुगर मिल के महा प्रबन्धक पुष्कर मिश्रा ने पत्रकारों को दी। श्री मिश्रा ने बताया कि त्रिवेणी इंजीनियरिंग एंड इंडस्ट्रीज लि0 शुगर यूनिट देवबंद द्वारा 21 जनवरी 2025 तक खरीद किए गए गन्ने का भुगतान 29.44 करोड रुपये गन्ना समीतियों के माध्यम से किया गया है। श्री मिश्रा ने किसान भाइयों से अपील करते हुए कहां कि किसान चीनी मिल को साफ सुथरा गोला रहित गन्ना ही सप्लाई करें। उन्होने कहां कि पर्ची का एसएमएस मिलने पर ही गन्ने की छिलाई कराये। उन्होने कहां कि मिल किशान को अपने परिवार का अंग मानता है और उसके सुख दुःख मे बराबर साथ है।

### चेयरमैन ने किया, मेला तैयारियों का निरीक्षण



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

देवबंद। मेला कमैटी ने आने वाले श्री मॉ त्रिपुर बाला सुंदरी देवी मेला (देवी कुंड) की तैयारियों का निरीक्षण किया। मेला आयोजन को लेकर आयोजित बैठक में पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग नेअ अधिकारियों और कर्मचारियों को समय से पूर्व सभी व्यवस्थाओं को चुश्त दुरुस्त करनेअ के निर्देश दिए। इसके बाद चेयरमैन विपिन गर्ग ने मेला चेरमैन पति श्याम चौहान व पालिका अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ मेला ग्राउंड का निरीक्षण किया। चेयरमैन विपिन गर्ग ने पालिका अधिकारियों को 15 मार्च तक भूमि आवंटन और मेला ग्राउंड का भराव कराने आदेश दिये। इस अवसर पर मेला चेरमैन महक चोहान पति श्याम चोहान ने कहां कि मेला बाला सुंदरी देवी को पूर्व से भव्य और सुंदर भरवाया जाएगा। मेले मे आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा का पूरा पूरा ध्यान रखा जाएगा। इस अवसर पर बाबू अकबर, सुंदर लाल, विपिन त्यागी, वसीम, मो0 अख्तर, मो0 आरिफ और अख्तर अंसारी आदि उपस्थित रहे।

### बजट सत्र से पहले सरकार ने बुलाई सर्वदलीय बैठक

नई दिल्ली । सरकार ने संसद के बजट सत्र से पहले बृहस्पतिवार को सभी राजनीतिक दलों के नेताओं की बैठक बुलाई। सत्र की शुरुआत शुक्रवार को दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति के अभिभाषण से होगी और बजट एक फरवरी को पेश किया जाएगा। सत्र का पहला चरण 13 फरवरी को समाप्त होगा और दूसरा चरण 10 मार्च से शुरू होगा। सत्र चार अप्रैल को समाप्त होगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस बैठक की अध्यक्षता की, जो राजनीतिक दलों को सरकार के विधायी एजेंडे के बारे में सूचित करने और सत्र के दौरान उनके द्वारा उठाए जाने वाले मुद्दों पर जानकारी प्राप्त करने के लिए बुलाई जाती है। बैठक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जे पी नड्डा, कांग्रेस के गौरव गोगोई और जयराम रमेश, द्रविड़ मुनेत्र कषगम के टी.आर. बालू, तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंद्योपाध्याय और डेरेक ओ ब्रायन समेत कई नेताओं ने भाग लिया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू भी बैठक में शामिल हुए।

### इंडिगो ने प्रयागराज रूट पर फ्लाइट टिकट पर 30-50 फीसदी की कटौती की

नई दिल्ली । महाकुंभ में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए अच्छी खबर है। देश की सबसे बड़ी बजट एयरलाइन इंडिगो ने प्रयागराज महाकुंभ के लिए अपनी फ्लाइट टिकट में 30 से 50 फीसदी तक की कटौती की है। इंडिगो ने गुरुवार को जारी एक बयान में कहा कि प्रयागराज रूट पर एयरलाइन अपने हवाई किराये में 30-50 फीसदी की कटौती कर दी है। प्रयागराज में चल रहे कुंभ मेले में शामिल होने आए श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए केंद्र सरकार के हवाई किराये में बढ़ोतरी पर चिंता जताए जाने के बाद कई एयरलाइन कंपनियों ने इस पर कार्रवाई शुरू कर दी है। एयरलाइन ने कहा कि उसने प्रयागराज आने-जाने वाले सभी रूट्स पर हवाई किराये में 30 से 50 फीसदी तक की कटौती की है। दरअसल इंडिगो की फ्लाइट टिकट की कीमत में यह कटौती तब देखी गई है, जब केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने एक दिन पहले ही प्रयागराज महाकुंभ के लिए हवाई किराये में वृद्धि का मुद्दा नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के समक्ष उठाया है। इससे पहले नागर विमानन मंत्री ने विमानन कंपनियों महाकुंभ मेले के दौरान हवाई किराया को कम करने के लिए कदम उठाने को कहा था।

### धनखड़ ने किया बापू को नमन



नई दिल्ली । उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को भावपूर्ण नमन करते हुए कहा कि उनके मूल्य न केवल भारतीयों को बल्कि पूरे विश्व समुदाय को प्रेरित करते हैं। उप राष्ट्रपति सचिवालय ने गुरुवार यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि श्री धनखड़ ने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी है। श्री धनखड़ ने कहा, ''महात्मा गांधी जी को उनकी पुण्य तिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि।卐 उन्होंने कहा कि सत्य एवं अंहिसा का बापू का दर्शन हमारे सभ्यतागत मूल्यों से प्रेरित है। इसने न केवल हमारे स्वतंत्रता संग्राम के संघर्ष को दिशा दी बल्कि वैश्विक स्तर मानव गरिमा, आत्म निर्णय और स्वतंत्रता के आंदोलनों को भी प्रेरित किया है। बापू के स्वदेशी और ग्राम स्वराज के विचार विश्व के समकालीन परिदृश्य में प्रासंगिक बने हुए हैं। उप राष्ट्रपति ने कहा कि बापू की शिक्षायें और सिद्धांत भारत को प्रगति, विकास और सौहार्द की ओर प्रेरित करते रहेंगे।

# राहुल गांधी के खिलाफ दायर मानहानि मामले की सुनवाई फिर टली, अब 11 फरवरी को होगी



सुलतानपुर (उप्र) । लोकसभा में विपक्ष के नेता और रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ दायर मानहानि के एक मामले की सुनवाई बृहस्पतिवार को उनके वकील के बीमार होने के कारण टल गयी। मामले की अगली सुनवाई अब 11 फरवरी को होगी। मामले के वादी विजय मिश्रा के वकील संतोष कुमार पांडेय ने बताया कि गांधी के खिलाफ दायर मानहानि मामले की सुनवाई विशेष सांसद/विधायक अदालत के न्यायाधीश शुभम वर्मा की अदालत में होनी थी मगर पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष के वकील काशी प्रसाद शुक्ला ने खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए अदालत में हाजिर होने में असमर्थता व्यक्त की।

उन्होंने बताया कि इस पर अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 11 फरवरी नियत कर दी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता विजय मिश्रा ने 2018 में एक मुकदमा दायर किया था जिसमें राहुल गांधी पर उस समय हो रहे कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया गया था। मिश्रा ने दावा किया था कि गांधी की उस टिप्पणी से उन्हें व्यक्तिगत नुकसान पहुंचा है। इस मामले की सुनवाई पहले भी कई बार टल चुकी है। पहले न्यायाधीश के छुट्टी पर होने और फिर वकीलों की हड़ताल के कारण सुनवाई में देर हुई थी। इस मामले में अदालत में पेश नहीं होने पर कांग्रेस सांसद के खिलाफ दिसंबर 2023 में वारंट जारी किया गया था। गांधी ने फरवरी 2024 में अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया था और 26 जुलाई को उनका बयान दर्ज किया गया था। गांधी ने बयान में कहा था कि यह मामला उनके खिलाफ एक राजनीतिक साजिश का हिस्सा है।